वर्ष- 21 अंक - 330 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, शनिवार 16 मई 2026



## आज शनैश्चरी अमावस्या शनि जयंती एक साथ

**शनिवार.एजेंसी।** आज शनिवार है। आज ही अमावस्या भी है और आज ही शनि जयंती भी मनाई जा रही है। 13 साल बाद शनैश्चरी अमावस्या पर शनि जयंती का संयोग बना है। आज सुबह से ही शनि मंदिरों में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। अमावस्या होने के कारण बड़ी तादाद में लोग पवित्र नदियों में भी आस्था की डुबकियां लगा रहे हैं। चित्र इंदौर के जूनी इंदौर स्थित प्राचीन शनि मंदिर का

## स्कूल पर जिहादी हमला कई छात्र लापता

**शनिवार.एजेंसी।** नाइजीरिया के पूर्वोत्तर बोर्नो राज्य में संदिग्ध जिहादी आतंकवादियों ने एक माध्यमिक विद्यालय पर हमला किया। इस हमले के बाद कई छात्र लापता हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि शुक्रवार को हुए हमले के बाद छात्रों का अपहरण हुआ है या नहीं।

## रामजी की शरण में पहुंचीं भजन गायिका



**अयोध्या.एजेंसी।** बिहार की लोक गायिका और अलीनगर से भाजपा विधायक मैथिली ठाकुर ने अपनी चुनावी जीत के बाद अयोध्या पहुंचकर प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद लिया। विधायक के रूप में यह उनकी पहली अयोध्या यात्रा थी, जिसे उन्होंने अविस्मरणीय और सौभाग्यपूर्ण बताया।

## अस्पताल में बम रखने वाला गिरफ्तार

**पुणे.एजेंसी।** पुणे के अस्पताल में बम रखने के मामले में आरोपी को पुलिस ने वर्धा जिले के पुलगांव रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी शालीमार एक्सप्रेस ट्रेन में सफर कर रहा था।

# मस्जिद के लाउड स्पीकर को लेकर पुलिस चौकी पर हमला, पथराव और तोड़फोड़

**कोलकाता ● एजेंसी**

पश्चिम बंगाल के आसनसोल में मस्जिद का लाउडस्पीकर रोकने पर भारी बवाल हो गया। उग्र भीड़ ने जहांगीरी मोहल्ला पुलिस चौकी का घेराव कर जमकर पथराव और तोड़फोड़ की। वाहनों को क्षतिग्रस्त किए जाने के बाद पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। पुलिस प्रशासन ने राज्य सरकार के निर्देश पर आसनसोल के कई हिस्सों में लाउडस्पीकर की आवाज कम रखने को कहा था। इसके बाद बड़ी संख्या में लोग पुलिस चौकी पहुंच गए। भीड़ ने चौकी पर पथराव किया। पुलिस और आम लोगों के वाहनों में तोड़फोड़ की। घटना में कुछ पुलिसकर्मियों को चोट आई है। इलाके में पैरामिलिट्री फोर्स तैनात की गई है।





## सड़क पर नमाज रोकने के आदेश के खिलाफ भारी हंगामा

कोलकाता में शुक्रवार को नमाज के बाद बवाल मच गया। दरअसल राज्य के नए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के आदेश के मुताबिक सड़कों पर नमाज पढ़ने पर रोक लगा दी गई है। इसी को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया जिसके बाद पुलिस से उनकी झड़प हो गई। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने धार्मिक नारेबाजी भी की

## नीदरलैंड में मोदी का ग्रैंड वेलकम

**शनिवार.एजेंसी।** पांच देशों की यात्रा पर गए पीएम मोदी यूएई से नीदरलैंड पहुंचे। यहां उनका ग्रैंड वेलकम हुआ। भारतीय समुदाय के लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ जोरदार स्वागत किया। मोदी नीदरलैंड के प्रधानमंत्री रोब जेटन के खास न्योते पर वहां पहुंचे हैं। इस दौरान वो वहां के राजा विलेम-अलेक्जेंडर और रानी मैक्सिमा से मुलाकात करेंगे। पीएम मोदी नीदरलैंड के प्रधानमंत्री रोब जेटन के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। इस दौरे के दौरान मोदी कई समझौते करेंगे।



## ममता ने समर्थकों से कहा– जो पार्टी छोड़कर जाना चाहते हैं, चले जाएं

**कोलकाता ● एजेंसी**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में सत्ता गंवाने और सालों बाद सबसे बड़े चुनावी झटके का सामना करने के बाद तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी अब संगठन को नए सिरे से खड़ा करने की कवायद में जुट गई हैं। कोलकाता के कालीघाट स्थित अपने आवास पर ममता बनर्जी ने चुनाव लड़ने वाले सभी पार्टी उम्मीदवारों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इस बैठक में ममता ने पार्टी के लोगों से कहा कि जो छोड़कर जाना चाहते हैं चले जाएं, मैं अपनी पार्टी मजबूत करके रहूंगी।

## राहुल पीएम प्रत्याशी

**हैदराबाद.एजेंसी।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने हैदराबाद में एक कार्यक्रम के दौरान बड़ा दावा करते हुए कहा कि अगले आम चुनाव में राहुल गांधी इंडिया ब्लॉक के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे।

## लोन नहीं मिला तो टावर पर चढ़ गया



**बांदा ● एजेंसी**

उत्तरप्रदेश के बांदा में एक युवक को पशुपालन के लिए 25 लाख रुपये का लोन चाहिए था। बैंक के खूब चक्कर लगाए, लेकिन काम नहीं बना। इसके बाद युवक सीधे हाईटेंशन बिजली के टावर पर चढ़ गया और अफसरों को बुलाने की मांग करने लगा। घंटों की मशक्कत के बाद पुलिस ने उसे सुरक्षित नीचे उतारा।





## इंदौर से निकली बस में आग, जिंदा जला मासूम

**शाजापुर.एजेंसी।** इंदौर से ग्वालियर जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस एसी बस में कल रात शाजापुर के करीब नेशनल हाईवे पर होटल पर रुकी बस में आग लग गई। आग की चपेट में आने से शिवपुरी निवासी अभिषेक जैन के 4 वर्षीय मासूम अनय की जिंदा जलने से मौत हो गई।

## ट्रंप के डेलीगेशन ने कचरे में फेंके चीनी गिफ्ट

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** चीन से अमेरिका लौटने के लिए एयर फोर्स वन में सवार होने से पहले व्हाइट हाउस स्टाफ ने चीनी अधिकारियों की तरफ से दिए गए क्रेडेंशियल्स, बर्नर फोन, डेलीगेशन पिन और अन्य सामग्रियों को इकट्ठा कर नष्ट कर दिया या फेंक दिया। ट्रंप की तीन दिवसीय चीन यात्रा के समापन पर यह एक कड़ा सुरक्षा कदम बताया जा रहा है।

## बोरवेल में गिरा मासूम 9 घंटे बाद सुरक्षित निकला



**होशियारपुर.एजेंसी।** पंजाब में होशियारपुर के गांव चक समाना में 4 साल का बच्चा खुले बोरवेल में गिर गया। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और स्थानीय ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से करीब 9 घंटे तक रेस्क्यू अभियान चलाया। बच्चा करीब 30 फीट गहराई में फंसा था जिसके बाद समानांतर गड्ढा और सुरंग बनाकर उसे सुरक्षित बाहर निकाला गया।

## महिला ने 6 दिन में 4 बच्चों को जन्म दिया

**संभल.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश में संभल जिले के असमोली क्षेत्र की रहने वाली 31 वर्षीय महिला अमीना को 8 मई को लेबर पेन शुरू हुआ था। इसके बाद 9 मई को उन्होंने अपने पहले बच्चे, (एक बेटे) को जन्म दिया। वहीं, पांच दिन बाद यानी 14 मई 2026 को महिला ने तीन और बच्चों को जन्म दिया। चारों बच्चों को नॉर्मल डिलीवरी से हुआ है।

# कांग्रेसियों को निगम ने धरना के दौरान टैंकर भेजे और फिर गायब कर दिए

## पार्षद और संगठन मंत्री के साथ अन्य को फिर देना पड़ा धरना, मिला आश्वासन, मिलेंगे टैंकर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

कांग्रेसियों ने कल पानी की समस्या को लेकर नगर निगम क्षेत्र के 22 झोन और अपर आयुक्त कार्यालय पर धावा बोला था। पानी दो, पानी दो के नारे भी सभी झोन पर गुंजाए गए थे। झोन क्रमांक 13 पर वार्ड क्रमांक 74, 75 और वार्ड 77 के रहवासियों के साथ धरना दिया गया। पार्षद कुणाल सोलंकी और जिला कांग्रेस के संगठन महामंत्री डॉ. दौलत पटेल के नेतृत्व में झोनल अधिकारी से वार्ड के लिए 8 टैंकर की मांग की गई और इधर कांग्रेसियों ने धरना शुरू कर दिया। इस दौरान नगर निगम ने 8 टैंकर बुलवा लिए और कांग्रेसियों को दिखवा दिए और





थोड़ी देर में यह टैंकर वहां से नदारद हो गए। इससे कांग्रेसियों का फिर गुस्सा बढ़ा और उन्होंने कहा कि 8 टैंकर स्थाई चाहिए और कांग्रेसियों ने दोबारा झोन पर ही धरना शुरू कर दिया और यह धरना दो घंटे चला। उसके बाद निगम प्रशासन ने आश्वासन दिया कि इस झोन क्षेत्र के वार्डों के लिए 8 टैंकर पानी की समस्या तक मौजूद रहेंगे। पहले से एक वार्ड में 3 से 4 टैंकर पानी के चल रहे हैं, जो कम है और उसी कारण पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इधर कुणाल सोलंकी और डॉ. दौलत पटेल यही मांग कर रहे थे कि इस झोन के हर वार्ड में 8-8 टैंकर दिए जाए। अभी तो 8-8 टैंकर की हां कर दी गई है और उसी के बाद धरना समाप्त हुआ। इस तरह पहले 8 टैंकर पहले धरने के दौरान पहुंचे थे, जिन्हें हटा दिया गया था, फिर कांग्रेसियों को धरना देना पड़ा था। पहले एक घंटा और बाद में दो घंटे धरना इस तरह कांग्रेसियों ने तीन घंटा धरना दिया और जमकर नारेबाजी कर निगम को कोसा। इसकी जानकारी धरना के दौरान कांग्रेस नगर अध्यक्ष चिंटू चौकसे को दी गई तो चौकसे ने निगम कमिश्नर और संबंधित अधिकारियों से बात की। निगम कमिश्नर ने भी चौकसे को आश्वासन दिया तब जाकर यह धरना समाप्त हुआ था।



## भाजपा प्रभारी पहुंचे ऑटो रिक्शा से कार्यालय

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा नगर प्रभारी राजेशसिंह सोलंकी कल ग्वालियर से इंदौर रेलवे स्टेशन पहुंचे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बात का असर भी कल नजर आया, जब राजेश सोलंकी ने कोई भी वाहन बुलाने के बजाए ऑटो रिक्शा में सवार होकर भाजपा कार्यालय पहुंचना उचित समझा। भाजपा नगर प्रभारी के लिए कई वाहन आ सकते थे, लेकिन उन्होंने रिक्शा से सफर करना उचित समझा।

## मुख्यमंत्री ने खुद किया चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण





**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आगामी सिंहस्थ को लेकर धार्मिक और महाकाल नगरी उज्जैन को चाकचौबंद करना चाहते है। विदेश और देश भर के साथ प्रदेश के श्रद्धालु भी शामिल होंगे। इन्दौर सहित उज्जैन से मिलने वाले रास्तों और धार्मिक स्थलों को भी सिंहस्थ के मुताबिक ठीक किया जा रहा है। सिंहस्थ में श्रद्धालुओं के आवागमन, घाट और मार्गो को भी चौड़ीकरण की हद में लिया जा रहा है। सरकार के साथ खुद मुख्यमंत्री मानीटरिंग कर रहे है। क़ल मुख्यमंत्री ने हरसिद्धि पाल से रामघाट मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। सिंहस्थ के लिये सभी कार्य इस तरीके से किए जा रहे है कि पौराणिक और धार्मिक नगरी उज्जैन को लंबे समय तक उनका लाभ प्राप्त हो। साथ ही मुख्यमंत्री ने होमगार्ड द्वारा आयोजित बाढ़ बचाव प्रशिक्षण का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे होमगार्ड जवानों की हौसला अफजाई की।

## डीजल-पेट्रोल वृद्धि पर गुस्सा, जलाया पुतला




**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** डीजल-पेट्रोल पर कल 3 रु. लीटर की वृद्धि के बाद कांग्रेस की महिलाओं ने गुस्सा जताया और केन्द्र सरकार को जमकर कोसा और कहा कि चुनाव खत्म होते ही देशभर से वसूली शुरू कर दी गई और पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ा दिए। सोना पर आयात शुल्क बढ़ाया और ब्रांडेड दूध के भाव भी बढ़ा दिए, कमर्शियल गैस टंकी तो जबर्दस्त महंगी कर दी गई। इसका असर भी सीधा खाद्य पदार्थ पर पड़ेगा। अब घरेलू गैस टंकी बची है, जिसके दाम भी जल्द बढ़ाए जाना है, यह सब आरोप कांग्रेस की महिलाओं ने लगाते हुए पेट्रोल पम्प के समीप विरोध करते हुए पुतला जलाया।



## हेलमेट लगाकर टू-व्हीलर पर महापौर निकले तो किसी ने नहीं पहचाना

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कई मुद्दों पर उद्बोधन के बाद उनकी बातों का असर भाजपाइयों पर नजर आ रहा है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भी घोषणा की है कि वे हर शुक्रवार कार का प्रयोग नहीं के बराबर करेंगे। कोई विशेष परिस्थिति हुई तो बात अलग है। कल महापौर ने दो पहिया वाहन की सवारी की और नियम-कायदे भी पाले, हेलटमे लगाकर टू-व्हीलर महापौर ने चलाया तो किसी का ध्यान उनकी ओर इसलिए नहीं गया कि हेलमेट में चेहरा ढंका हुआ था। महापौर ने कल अपने कार्यालय में भी टू-व्हीलर से सफर किया और अपने काम भी निपटाए।

## विधायक ने खिलाई मिठाई





## भोजशाला निर्णय पर हुई आतिशबाजी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** उच्च न्यायालय के भोजशाला मुद्दे पर आए निर्णय के बाद विधानसभा 4 जिसे अयोध्या कहा जाता है महूनाका पर विधायक मालिनी गौड़ और एकलव्यसिंह गौड़ के नेतृत्व में जश्न मनाया गया, मिठाई बांटी गई, आतिशबाजी भी हुई। खुद विधायक मालिनी गौड़ ने मौजूद भाजपाइयों और रहवासियों को मिठाई खिलाई।

## मीनाक्षी समिति द्वारा सकारों का वितरण

### *भाजपा नेता रहे बतौर अतिथि मौजूद*

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मिट्टी के सकोरे का वितरण करने का अभियान मीनाक्षी सेवा समिति द्वारा अंबिकापुरी कॉलोनी में स्थित अंबिकापुरी गार्डन साठ फीट रोड़, एयरपोर्ट रोड़ पर किया गया। अध्यक्ष बलराम सोनी ने बताया कि इस भीषड़ गर्मी में जब हम इंसानों के लिए घर से बाहर निकल पाना कठिन है



तो ये पक्षी पीने के पानी नहीं मिल पाने के कारण दम तोड़ देते हैं इसलिए सकोरों के वितरण कार्य शुरू किया गया है।बलराम सोनी,निशा जोशी, मनीष ओस्तवाल, उमेश गुप्ता, राजेश खत्री, विजय महेश्वरी, अजय मोरे, अनीता शर्मा, खुशबू प्रजापत, लीना बाहेती,केशव मीणा, नमन बागोरा, राकेश श्रीवास आयोजन से जुडे हुए है। आयोजन में अतिथि भूपेन्द्र केसरी थे, जिन्होने सेवा कार्य पर उदबोधन भी दिया।

# पानी समस्या दूर नहीं तो जोन पर लगेगा ताला -कांग्रेस

## सीधी-सीधी दो टूक चेतावनी, अधिकारियों को भी सीट पर नहीं बैठने देंगे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कल शहर कांग्रेस ने 22 नगर निगम के झोन और उसके बाद निगम अपर आयुक्त कार्यालय पर घेराव किया था। कई झोन पर भीड़ ज्यादा थी तो कुछ झोन पर भीड़ सामान्य तो कुछ में भीड़ कम भी दिखी। वार्डों में जो अध्यक्ष के अलावा प्रभारी, महिला प्रभारी और पर्यवेक्षक बनाए उनमें भी कमी नजर आई।

कई मोर्चा प्रकोष्ठ पदाधिकारी और प्रकोष्ठ पदाधिकारी कम भीड़ लेकर पहुंचे थे। वरिष्ठ नेताओं की कमी भी दिखाई दी, फिर भी कांग्रेस ने एक साथ 22 झोन पर एक समय में प्रदर्शन कर बड़ा प्रदर्शन किया और इस प्रदर्शन के बाद अपर आयुक्त कार्यालय में शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने जमकर बहस मुद्दों पर अधिकारी से की। चौकसे के गर्म होने के बाद अधिकारी को बेकफुट पर आना पड़ा। इधर कांग्रेस ने दो टूक चेतावनी दी है कि अगर अगले सप्ताह में पानी की कमी का मुद्दा हल नहीं हुआ और टैंकर देने के साथ उन टैंकर को हायड्रेंट से भरवाने की व्यवस्था नहीं की तो कांग्रेस जोन पर ताला लगा देगी और अधिकारियों को भी सीट पर नहीं बैठने देगी। अब देखना होगा कि कांग्रेस अध्यक्ष की सीधी-सीधी चेतावनी का असर 85 वार्ड में किस तरह से पड़ता है और कांग्रेस किस तरह से पानी की समस्या हल नहीं होने पर झोन पर ताला लगाती है और अधिकारी को सीट पर नहीं बैठने देती है यह सब अगले सप्ताह मालूम पड़ेगा।



## प्रधानमंत्री की बात असर भाजपाइयों की बैठक पर भी दिखा

### प्रशिक्षण वर्ग को लेकर नगर ने की वर्चुअल चर्चा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोना खरीदी से लेकर डीजल-पेट्रोल वाले वाहनों का उपयोग कम करने और यहां तक कि वर्चुअल काम करने की सलाह भी दी उसका असर नगर भाजपा की बैठक पर भी नजर आया। दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन 30 और 31 मई को नगर भाजपा द्वारा किया जाना है। प्रधानमंत्री की बात के असर के बाद नगर भाजपा ने वर्चुअल बैठक आयोजित की। सुमित मिश्रा, राजेशसिंह सोलंकी, शंकर लालवानी, पुष्यमित्र भार्गव, महेन्द्र हार्डिया, मालिनी गौड़, रमेश मेंदोला, मधु वर्मा, गोलू शुक्ला, आकाश विजयवर्गीय, आलोक दुबे सहित अन्य इस बैठक में मौजूद रहे। यही निर्देशित किया गया कि जो भी अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ता है उन्हें इस जिला प्रशिक्षण वर्ग में आवश्यक रूप से शामिल होकर रात्रि विश्राम भी शिविर स्थल पर ही करना है। 12 विषयों पर अलग-अलग सत्रों में इन 250 कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन और प्रशिक्षण एचआर ग्रीन एमआर-10 पर मिलेगा। इन प्रशिक्षण वाले कार्यकर्ताओं को क्यूआर कोड भी भेजा गया है और वे पैमेंट भी डिजिटल करेंगे। भूपेन्द्र केसरी, जेपी मूलचंदानी, गुलशन यादव, वरुण पाल, नितिन शर्मा, रितेश शर्मा, निधि बंग, कंचन गिदवानी, विवेक शर्मा, मोहित वर्मा, दीप्ति हाड़ा, नेहा शर्मा, मंजू ठाकुर, इंदु श्रीवास्तव, नारायण पालीवाल, सचिन बंसल, विशाल यादव, हेमराज वाडिया, गोविंद पंवार, आकाश गर्ग रानू, दीपांश खण्डेलवाल, राजा कोठारी, दीपेश पचोरी, सुखविंदर मन्नी भाटिया, सौरभ खण्डेलवाल, सचिन बघेल, वैभव शुक्ला, प्रेम व्यास सहित अन्य भाजपाई ऑनलाइन जुड़े।

## प्रमुख चौराहों पर प्याऊ लगाई जाए

### बोरिंग के कब्जे भी हटवाए जाए

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जमीनी कांग्रेस कार्यताओं को आगे लाओ समिति के जीतू दीवान ने नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल को पत्र लिखकर मांग की है कि निगम शहर के प्रमुख चौराहों पर प्याऊ लगाए, ठंडे पानी की मशीन भी लगाए और जहां सरकारी बोरिंगो पर दबंगों का कब्जा है उनका कब्जा भी हटवाया जाए। इस गर्मी में लोगों को चौराहों पर पीने के पानी की समस्या दिख रही है और क्षेत्र में बोरिंग की कमी भी नजर आ रही है, इसलिए प्याऊ और ठंडे पानी की मशीन लगवाए जाए और बोरिंगों से कब्जा हटवाए जाए।

## विजयवर्गीय ने काफिला कम कराया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील के बाद मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपना काफिला सीमित करवा लिया है। एक पायलट वाहन एक मुख्य वाहन और सुरक्षा व्यवस्था के तहत सीआईएसएफ का वाहन शामिल रहेगा। विजयवर्गीय का काफिला केवल दो वाहनों के साथ सीमित रहेगा, जिसमें मुख्य वाहन और सुरक्षा दस्ता रहेगा।



## नीट पेपर लीक मामले में पुतला जलाया

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** नीट-यूजी पेपर लीक मामले में एनटीए की लापरवाही के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर एनटीए का पुतला रीगल तिराहा स्थित गांधी प्रतिमा के समीप जलाया गया। इस में कालेज के छात्र भी शामिल हुए। मुख्य रूप से प्रमोद नामदेव, राहुल निहोरे, भरतसिंह चौहान, सुमित सोलंकी, नेहा कुन्हारे मौजूद थे।

## पेपर लीक मामले में कांग्रेस का आज शाम धरना

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शहर और जिला कांग्रेस द्वारा संयुक्त रूप से प्रदेश कांग्रेस के निर्देश के बाद आज शाम गांधी प्रतिमा रीगल तिराहा पर एक घंटे का धरना दिया जाएगा। इस दौरान केन्द्र सरकार की कमजोरियो को भी उजागर किया जाएगा। चिंटू चौकसे, विपिन वानखेड़े, दौलत पटेल सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहेंगे।

## भोजशाला पर निर्णय का सत्य की जीत बताया

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। न्यायालय ने भोजशाला धार मामले में फैसला देते हुए इसे मंदिर माना और पूजा का अधिकार दिया। एमआईसी सदस्य राजेश उदावत, भाजपा नेता शैलेन्द्र महाजन ने इस फैसले को सत्य की जीत बताया।

## महापौर ने भी जताई खुशी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने न्यायालय से भोजशाला में मिले न्याय पर खुशी जताई और कहा कि वर्षो के संघर्ष और बलिदान का प्रतिफल मिला है। न्यायालय का यह ऐतिहासिक निर्णय है, जिसमें प्रशंसा व्यक्त की और कहा कि आज का दिन हर्ष का दिन है।

# स्मार्ट कार्ड के नाम पर करोड़ों की वसूली-कांग्रेस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**पार्षद का चुनाव लड़े कांग्रेस नेता और राजीव विकास केन्द्र के प्रदेश पदाधिकारी सुनील यादव एवं देवेन्द्रसिंह यादव ने बताया कि परिवहन विभाग स्मार्ट कार्ड के नाम पर करोड़ों की वसूली कर रहा है और बदले में स्मार्ट कार्ड देने के बजाए विभाग केवल पीडीएफ थमा रहा है।**

कांग्रेस नेताओं ने विभाग को सवालों के घेरे में लिया। परिवहन विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में ड्राइविंग लाइसेंस एवं वाहन पंजीयन प्रमाण पत्र आरसी के लिए आम नागरिकों से स्मार्ट प्लास्टिक कार्ड के नाम पर अतिरिक्त शुल्क वसूला जा रहा है, लेकिन बड़ी संख्या में आवेदकों को फिजिकल स्मार्ट कार्ड उपलब्ध नहीं करवाए जा रहे। इसके बदले लोगों को केवल पीडीएफ अथवा डिजिटल कॉपी देकर काम चलाया जा रहा है। इस काम के पैसे वसूले जा रहे हैं, लेकिन कार्ड की जगह पीडीएफ दी जा रही है। सुनील यादव और देवेन्द्रसिंह यादव ने कहा कि जब स्मार्ट कार्डों की फीस पूरी ली जा रही है तो कार्ड क्यों नहीं दिए जा रहे हैं। शुल्क लेने के बाद विभाग की जिम्मेदारी बनती है कि विभाग प्लास्टिक स्मार्ट कार्ड भी उपलब्ध कराए और पीडीएफ भी दें। अगर पीडीएफ ही देना है तो परिवहन विभाग शुल्क लेना बंद करें। डिजिटल इंडिया के नाम पर बोझ डाला जा रहा है। लोगों को एमपी ऑनलाइन सहित अन्य दुकानों पर पहुंचकर पीडीएफ की प्रिंट निकलवाकर रखना पड़ती है, जिसमें भी अतिरिक्त शुल्क लग रहा है। कई लोग कार्ड भी बनवा रहे हैं उस पर भी पैसा खर्च हो रहा है, जिनके पास स्मार्ट फोन नहीं है वे अपने पास पीडीएफ को सुरक्षित नहीं रख पा रहे हैं। परिवहन विभाग में ही एक सूचना लगी हुई है, जिसमें लिखा है कि कार्ड बनकर आएगा, जब तक कार्ड बनकर नहीं आता है यह पीडीएफ वैधानिक दस्तावेज ही है। इस मामले में यादव द्वय ने परिवहन आयुक्त और मंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि इंदौर के साथ पूरे प्रदेश में स्मार्ट कार्ड वितरण शुरू किया जाए या फिर अतिरिक्त शुल्क लेना बंद किया जाए। यदि यह व्यवस्था ठीक नहीं की गई तो कांग्रेस उग्र आन्दोलन करेगी।




**परिवहन विभाग वाहन चालकों को थमा रहा है पीडीएफ, नहीं मिल रहा कार्ड**

# भोजशाला में जैन प्रतिमाओं को होना बताया जाना गलत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद से जुड़े राजेश जैन दद्दू एवं मयंक जैन ने बताया कि सामाजिक संसद के अध्यक्ष आनंद जैन गोधा, हर्ष जैन, सुशील पांड्या नवीन जैन गोधा, डॉ जैनेन्द्र जैन टीके वेद हंसमुख गांधी पदाधिकारियों ने कहा कि भोजशाला परिसर में प्राप्त प्राचीन जैन प्रतिमाएं, शिलालेख एवं अवशेष स्पष्ट रूप से जैन इतिहास एवं धर्म से संबंधित हैं। इन पुरातात्विक प्रमाणों की अनदेखी कर इन्हें हिंदू मंदिर से जोड़ना और जैन धर्म संस्कृति के बारे में गलत दलिल पेश करने से सकल जैन समाज की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला फेसला है। समाज के वरिष्ठ समाजसेवी संलेकचद, डॉ जैनेन्द्र जैन सुभाष जैन काला एवं समाज के वरिष्ठजनों ने आरोप लगाया कि यह फैसला केंद्र सरकार की मिलीभगत एवं दबाव से दिया गया प्रतीत होता है। ऐतिहासिक तथ्यों एवं पुरातत्व विभाग के पूर्व के प्रतिवेदनों को जिस तरीके से नजरअंदाज किया गया है। मंयक जैन ने कहा कि तीर्थंकर प्रतिमाओं की स्वतंत्र पहचान को नकारा जाना जैन समाज स्वीकार नहीं कर सकता। दद्दू ने सकल जैन समाज की और से मांग करते है कि न्यायालय के फैसले पर तत्काल पुनिर्वचार किया जाए, पुरातत्व विभाग के विशेषज्ञों की स्वतंत्र समिति से पुनः जांच कराई जाए। जैन प्रतिमाओं एवं शिलालेखों का वैज्ञानिक अध्ययन कर उनकी वास्तविक पहचान सार्वजनिक की जाए। जैन समाज के पक्ष विधिवत सुना जाए और जैन समाज द्वारा दिए गए सभी प्रमाणों पर विचार हो। भोजशाला के मामले में आए फैसले से भारत वर्षीय सकल जैन समाज में गहरा रोष एवं आहत की भावना व्याप्त है। राष्ट्रीय जिन शासन एकता संघ एवं विश्व जैन संगठन के प्रचारक राजेश जैन दद्दू, मयंक जैन एवं वरिष्ठ समाजसेवी सलेकचंद जैन ने एवं समाजजन ने इस फैसले में जैन प्रतिमाओं को हिंदू मंदिर का हिस्सा बताया जाना तथ्यात्मक रूप से गलत एवं आपत्तिजनक है।

राष्ट्रीय जिन शासन एकता संघ एवं विश्व जैन संगठन एवं समाजजनों ने चेतावनी दी है कि यदि जैन धर्म की अस्मिता से खिलवाड़ किया गया तो समाज लोकतांत्रिक तरीके से चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस संबंध में शीघ्र ही राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं पुरातत्व विभाग को ज्ञापन सौंपा जाएगा। उक्त पूर्ण जानकारी राजेश जैन दद्दू दिगम्बर जैन धर्म समाज प्रचारक ने दी।

वहीं दिगम्बर जैन समाज से जुड़े प्रिंसपाल टोंग्या ने भी भोजशाला पर आया फैसला केवल एक न्यायिक निर्णय नहीं, बल्कि देश की सांस्कृतिक चेतना, ऐतिहासिक सत्य और धार्मिक आस्था से जुड़ा एक अत्यंत निर्णायक एवं महत्वपूर्ण फैसला है। वर्षों से चले आ रहे इस विषय पर आया यह निर्णय आने वाले समय में देशभर के उन सभी धार्मिक स्थलों से संबंधित मामलों के लिए एक महत्वपूर्ण उदाहरण सिद्ध होगा, जहाँ लंबे समय से न्यायालयों में विवाद एवं प्रकरण लंबित हैं।

## बोहरा समाजजनों ने वितरित किए छाछ के पाउच



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इस भीषण गर्मी में आज बोहरा समाजजनों ने सेवा कार्य के अन्तर्गत लोगों को गर्मी से राहत के लिए राजवाड़ा पहुंचकर वहां छाछ के पाउच का वितरण किया।

## स्कूल पर भी निगम का ध्यान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने बैठक में अधिकारियों को कहा कि सभी स्कूलों में मूलभूत सुविधाएं होना चाहिए। शौचालय में प्रकाश, सफाई, पानी की व्यवस्था, क्लासों में डस्टबिन, हैंडवॉश की जगह, गर्ल्स शौचालय में सेनेटरी वेस्ट के लिए डस्टबिन की सुविधा और जहां दिव्यांग विद्यार्थी अध्ययनरत है वहां दिव्यांग टायलेट, रैम्प, रैलिंग और छोटे बच्चों के लिए यूरिनल एवं किड्स शौचालय रखने के निर्देश दिए गए हैं। शौचालयों पर वॉश बेसिन, रंगाई पुताई, डिवाइडरों और वॉटर बॉडी पर पुताई, रोड़ मार्किंग, साइनिज लगाने के निर्देश भी दिये गये। जीटीएस पर डीप क्लीनिंग करावें।

## महिलाओं ने किया वट सावित्री पूजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

आज हिन्दू समाज से जुड़ी मातृशक्तियां वट सावित्री पूजन कर रही है। बरगद के पेड़ पर पूजा आराधना की गई। पति की लम्बी उम्र की कामना भी की गई। आज मातृशक्तियां व्रत रख रही है और कथा का आयोजन भी कर रही है।



## बिलावली तालाब में गिरा जल स्तर, मरने लगी मछलियां

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

तेज गर्मी का असर अब शहर के जलस्त्रोतों पर दिखने लगा है। तालाब का पानी तेजी से सूख रहा है और जल स्तर गिर रहा है। एक ओर जहां पानी की संकट शहर के कई इलाकों में बना हुआ है। वहीं अब कम पानी तालाब में रहने वाली मछलियों के लिए परेशानी बना हुआ है। दरअसल गर्मी में पानी भी गर्म रहता है, इससे आक्सीजन घुलने की क्षमता कम हो जाती है, इसलिए तालाबों में मछलियों को पानी के अंदर सांस लेने में तकलीफ होती है। इसलिए मछली जब ऊपर आती है और कम पानी होने के कारण उन्हें समस्या होती है जिससे उनकी मौत भी हो रही है।

## माता संतोषी का जागरण हवन-पूजन एवं महाप्रसाद

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। जय संतोषी माता मंदिर, पंचवटी परिसर, गणेश कॉलोनी, कला विद्या मंदिर, दादावाड़ी के सामने, रामबाग में मंदिर का वार्षिकोत्सव 22 एवं 23 मई को मनाया जाएगा। 22 मई को सुबह अभिषेक एवं महिला मंडल द्वारा भजन, रात 8 बजे से होगा वहीं 23 मई को मंडल, पूजन सुबह 9 बजे से एवं हवन दोपहर 11 बजे से होगा। आयोजन की पूर्णाहुति रात्रि 8 बजे से होगी। महाप्रसादी की आयोजन भी किया गया है। यज्ञ का आयोजन शिवशंकर एवं गोपाल शास्त्री करेंगे। पूर्व पार्षद कमला सलवाडिया, सत्यनारायण सलवाडिया, साधना सलवाडिया, कैलाश-मधु सलवाडिया, अनिल-राजकुमारी सलवाडिया सहित अन्य आयोजन से जुडे हुए है।

## धार्मिक संस्थाओं में जमा रुपया और ज्वेलरी राजसात करे सरकार

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कांग्रेस और सामाजिक नेता राहुल निहोरे ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर आग्रह किया कि मंदिरों में वर्तमान में 25 हजार टन से ज्यादा सोना जमा है। यह सोना श्रद्धालुओं ने वर्षों से अपनी आस्था के रूप में मंदिर में चढ़ाया है। श्रद्धालु अपनी आस्था के मुताबिक नकद पैसा भी धार्मिक स्थल की पेटियों में डालते हैं। अब देशहित में समय आ गया है कि धार्मिक जगह पर जो भी सोना-चांदी, जेवरात, नकदी, एफडी है उनका उपयोग देश के आर्थिक उद्धार के लिए किया जाए, इन सभी नकदी, एफडी और ज्वेलरी सहित अन्य को राजसात किया जाए और देशहित में उपयोग किया जाए, इन धार्मिक संस्थाओं को भी सरकार अपने नियंत्रण में लेकर अच्छे से विकसित कराए।

## माहेश्वरी समाज में हुए नामांकन दाखिल

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। माहेश्वरी समाज पूर्वी क्षेत्र की चुनाव प्रक्रिया में कल नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन था और कल 71कार्यकारी मंडल के लिए दो पैनल ने 148 फार्म जमा किए। वहीं पदाधिकारियों का चुनाव भी होना है, जिसमें दो पैनल के 19 पदाधिकारियों ने नामांकन दाखिल किए। आज नामांकन पत्रों की जांच होगी और कल नामांकन पत्र वैध की सूची लगाई जाएगी उसके बाद नाम वापसी का दिन भी रहेगा।

## दिग्विजय सिंह पहुंचे शोकाकुल परिवार में

इंदौर। पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद दिग्विजय सिंह कल इंदौर पहुंचे और उन्होंने पूर्व विधायक अश्विन जोशी और कांग्रेस नेता अशोक-मनोहर धवन के भाई के निधन पर दोनों ही परिवार के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। नासिर खान ने बताया कि दिग्विजय सिंह आज दोपहर 3 बजे भोपाल के लिए निकलेंगे और शाम 6.30 बजे भोपाल पहुंचेंगे।

# जहां भराता है बारिश का पानी, वहां का 7 दिन में दौरा करो

## गर्मी के मौसम में पेयजल संकट के बीच निगम ने शुरू की बारिश के मौसम की तैयारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**इस समय गर्मी का मौसम चल रहा है और शहर के अधिकांश क्षेत्र में पानी का संकट है। इस संकट से निपटने के बजाय इंदौर नगर निगम के द्वारा बारिश के मौसम की तैयारी शुरू कर दी गई है।**

गर्मी के इस मौसम में पानी का संकट सर चढ़कर बोल रहा है। इस संकट से निपटने के लिए इस समय नगर निगम के पास कोई व्यवस्था और योजना नहीं है। ऐसी स्थिति में इस संकट से नजर हटाकर नगर निगम के द्वारा आने वाले बारिश के मौसम की तैयारी शुरू कर दी गई है। निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के द्वारा कल निगम के अधिकारियों की बैठक ली गई। इस बैठक में अधिकारियों से कहा गया कि जिस भी जोनल कार्यालय के क्षेत्र में जिस भी स्थान पर बारिश के मौसम में पानी जमा हो जाता है ऐसे स्थान का अधिकारी 7 दिन के अंदर दौरा करें और यह देखें कि इस बार उस स्थान पर जल जमाव नहीं हों। सभी अधिकारियों को बारिश के मौसम की तैयारी करने के लिए निर्देश दिए गए। अधिकारियों से कहा गया है कि हमें अभी से बारिश के मौसम के लिए इतनी तैयारी कर लेना है कि जब बारिश आए तब हमारे सामने कोई समस्या ही नहीं हो।

### तालाब की चैनल साफ करो

बारिश के मौसम में बारिश का अधिक से अधिक पानी तालाब के अंदर संग्रहित हो सके और उसके माध्यम से उसके आसपास के पूरे क्षेत्र में भूमिगत जल स्तर अच्छा हो सके यह हमारा लक्ष्य होना चाहिए। इस बैठक में आयुक्त के द्वारा निगम के अधिकारियों को यह निर्देश दिया गया कि तालाब तक पानी पहुंचाने के लिए जितनी भी चैनल है उन सभी चैनल की सफाई के कार्य को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दी जाए। वैसे तो निगम के द्वारा यह काम पहले से ही किया जा रहा है लेकिन फिर भी अधिकारियों के द्वारा दौरा करते हुए यह सुनिश्चित कर लिया जाए की सभी चैनल की बराबर सफाई हो गई है और वहां से पानी बिना किसी बाधा के तालाब तक पहुंच जाएगा।

### प्रदर्शन हो गया लेकिन नतीजा कुछ नहीं

कल शुक्रवार को इंदौर शहर के सभी 22 जोनल कार्यालय पर कांग्रेस के द्वारा प्रदर्शन करते हुए खाली मटके फोड़े गए। इसके साथ ही दावा किया गया कि इंदौर नगर निगम नागरिकों की पानी की आवश्यकता की पूर्ति करने में नाकाम साबित हो रहा है। निगम के द्वारा पानी के संकट से निपटने के लिए पार्षदों को टैंकर तो दे दिए गए हैं लेकिन टैंकर में पानी नहीं भर पाता है। जिन स्थानों से पानी भरना है उन स्थानों पर टैंकरों की इतनी भीड़ होती है कि पूरे दिन में मात्र दो बार एक टैंकर में पानी भर पाता है। ऐसी स्थिति में पार्षद चाह कर भी अपने क्षेत्र में नागरिकों को पर्याप्त पानी नहीं पहुंचा पाता है। यह प्रदर्शन हो गया और पानी की विकराल स्थिति को सभी के सामने रख दिया गया लेकिन इसका नतीजा कुछ भी निकल कर आता हुआ नजर नहीं आ रहा है।

# 12.47 लाख पौधे भीषण गर्मी में टैंकर के भरोसे

## रेवती रेंज पहाड़ी पर ट्रीटेड पानी की सप्लाई लाइन डालने का काम नहीं हुआ पूरा, अरविंदो हॉस्पिटल के आगे क्रॉसिंग में लग रहा समय

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नगर निगम द्वारा लगभग 2 साल पहले रेवती रेंज पर 12.47 लाख पौधे एक दिन में लगाने का रिकॉर्ड बनाया गया था, जून और जुलाई के महीने में लगाए गए इन पौधों को स्थाई रूप से जीवित रखने के लिए नगर निगम द्वारा लगभग 10 करोड रुपए की लागत से ट्रीटेड वॉटर सप्लाई लाइन डालने की योजना बनाई गई थी, लाइन डालने का काम पिछले 16 महीना से चल रहा है। इस वर्ष गर्मियों में यह उम्मीद की जा रही थी कि लाखों पौधों को जीवित रखने के लिए ट्रीटेड वाटर लाइन से पानी की सप्लाई आरंभ हो जाएगी लेकिन मामला अभी अरविंदो हॉस्पिटल वाली सड़क पर क्रॉसिंग लाइन डालने में अटका हुआ है यहीं पर देरी हो रही है इधर भीषण गर्मी में लाखों पौधों को टैंकर से पानी देने और जीवित रखने का दावा नगर निगम का है।

**शहर के कई स्थान पर सूख रही हरियाली**

उद्यान विभाग के प्रभारी राजेंद्र राठौर ने बताया कि शहर से निकलने वाले सीवरेज के पानी को कबीर खेड़ी प्लांट में ट्वीट करके पुनः उपयोगी बनाया जाता है जिसका उपयोग उद्यान ग्रीन बेल्ट और डिवाइडरों पर लगे पौधों में किया जाता है।। इसके अलावा शौचालय, निर्माण सामग्री एवं वाहनों की धुलाई के लिए भी इस पानी का उपयोग हो रहा है। नगर निगम द्वारा लगभग डेढ़ साल पहले कबीर खेड़ी से रेवती रेंज पहाड़ी तक पाइपलाइन डालने की योजना बनाई गई इसके बाद यह काम का अंतिम दौर में पहुंच गया है हमें यह उम्मीद थी की अप्रैल माह में पूरा हो जाएगा और इस वर्ष 12:30 लाख पौधे जीवित रखने के लिए टैंकरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा लेकिन अरविंदो हॉस्पिटल से पेट्रोल पंप वाली गली में लाइन को क्रॉस करने में समय लग रहा है यहां पर रेवती रेंज और कबीर खेड़ी से आने वाली लाइन को जोड़ा जा रहा है। फिलहाल यहां 6 टैंकरों से पानी दिया जा रहा है और सभी पौधों को जीवित रखने का काम जारी है।

उद्यान प्रभारी राठौर ने बताया कि निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए गए हैं कि वह जल्द से जल्द अपना काम पूरा करें और लाइन की टेस्टिंग करने के बाद नगर निगम को हैंडोवर करें यह सभी काम 1 जून तक पूरे किया जाना है। राठौर ने बताया कि आगामी पर्यावरण दिवस और हरियाली अमावस्या जैसे अवसर पर यहां नगर निगम बड़े स्तर पर आयोजन करने की योजना बना रहा है शहर वासियों को यहां बुलाकर अपने आसपास हरियाली कायम रखने की प्रेरणा दी जाएगी। नगर निगम ने यहां शहर के लोगों को परिवार सहित आने और पिकनिक मनाने जैसी व्यवस्था भी की है। गर्मियों का मौसम के बाद यहां बड़े आयोजन की रूपरेखा बनाई जा रही है। वहीं भीषण गर्मी के कारण कई ग्रीन बेल्ट और डिवाइडर के पौधे सूख रहे हैं, यहां लगातार पानी नहीं दिए जाने के लापरवाही की जा रही है उदाहरण के तौर पर स्कीम नंबर 78 नई सड़क, रेडिसन से मुंबई हॉस्पिटल चौराहे तक लगे डिवाइडर, अन्नपूर्णा से महू नाका चौराहा, एमआर 9 से चंद्र नगर चौराहा। इसके अलावा रिंग रोड के राइट और लेफ्ट हैंड साइड पर ग्रीन बेल्ट में पिछले साल लगाए गए पौधे पानी की कमी से मर रहें है।

# पॉलीथिन का एक कट्टा मिला तो लगाया 50000 का फाइन

## स्वच्छता सर्वेक्षण की निकटता को देखते हुए निगम सक्रिय

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।





नगर निगम स्वच्छता सर्वेक्षण की निकटता को देखते हुए इस समय सक्रिय है। निगम के द्वारा कल एक बार फिर पॉलीथिन का एक कट्टा ज़ब्त किया गया और इस मामले में 50000 का जुर्माना लगाया गया है।

शहर को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाए रखने हेतु प्रतिबंधित पॉलीथिन के उपयोग एवं विक्रय के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में झोन क्रमांक 13 के वार्ड क्रमांक 74 स्थित राजीव गांधी स्क्वेयर क्षेत्र में प्रतिबंधित पॉलीथिन के विरुद्ध विशेष कार्यवाही की गई। क्षेत्र के स्वास्थ्य अधिकारी अवध नारायण सिंह ने बताया कि निगम दल द्वारा निरीक्षण के दौरान एक दुकानदार को प्रतिबंधित पॉलीथिन का विक्रय करते हुए पकड़ा गया। कार्यवाही के दौरान मौके से 1 कट्टा प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की गई। साथ ही संबंधित पॉलीथिन विक्रेता पर 50,000 रुपए का स्पॉट फाइन लगाया गया। उन्होंने बताया कि निगम द्वारा लगातार दुकानदारों एवं आम नागरिकों को सिंगल यूज एवं प्रतिबंधित पॉलीथिन के उपयोग से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। कार्यवाही के दौरान संबंधित विक्रेता को सख्त समझाइश भी दी गई कि भविष्य में प्रतिबंधित पॉलीथिन का विक्रय अथवा उपयोग न करें, अन्यथा नियमानुसार और अधिक कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# प्रशासनिक संकुल और सेटेलाइट भवन में अन्य कार्यालय स्थानांतरण किए जाए

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। क़लेक्टर अभिभाषक समिति के संयोजक प्रदीप होलकर संयोजक महेश जायसवाल ने बताया कि कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया और उन्हें बताया गया कि वर्तमान में प्रशासनिक भवन में से तहसील कार्यालय व एसडीएम कार्यालय जमानत वाले अधिकार पुलिस कमिश्नरी को देकर पश्चिम क्षेत्र कि पुलिस कमिश्नर के कार्यालय भी सेटेलाईट भवन में से हटाकर अन्यत्र त्यानतरित कर दिये गये है। वर्तमान में प्रशासनिक संकुल भी आधी बिल्डिंग रिक्त हालत में होकर व सेटेलाईट भवन भी रिक्त होकर उस का जनहित में जनता की सुविधा के लिये संभागीय कार्यालय कमिश्नर कॉर्ट उपभोक्ता फोरम कोर्ट पश्चिम क्षेत्र पुलिस कमिश्नरी जमानती कोर्ट अगर प्रशासनिक संकुल व सेटेलाईट भवन में स्थानांतरित हो जाती है तो आम जनता की उपरोक्त सभी न्यायालयो की सुविधा शहर के मध्य में एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकती है। होल्कर और जायसवाल ने कलेक्टर से मांग की कि संकुल में जगह खाली है, इसलिए एक ही जगह पर सभी जमानत के लिए कार्य किए जा सकते है जो ज्ञापन में लिखे गए है और यह मामला जनहित में उठाया गया है जिस पर उचित और जल्द निर्णय लिया जाएं।

**कई जमानत के अधिकार पुलिस के पहुंचे तो कार्यालय रहने लगे खाली**

# अग्रसेन नगर में चेम्बर से बह रहा ड्रेनेज का गंदा पानी

इंदौर सिटी ब्लास्ट। विधानसभा 1 की अग्रसेन नगर में इन दिनों ड्रेनेज का गंदा पानी लोगों की परेशानी का सबब बना हुआ है। इस ड्रेनेज लाइन से निकल रहे गंदे पानी की समस्या को हल कराने के लिए झोन और एप पर भी शिकायत की गई। शिकायत के बाद भी किसी तरह का असर इस समस्या को हल करने में नहीं दिखाई दिया। जनप्रतिनिधियों को भी इसकी जानकारी दी गई और कोई संज्ञान भी समस्या पर नहीं लिया गया। इसी कारण समस्या जस की तस बनी हुई है और रोड पर ड्रेनेज का पानी बह रहा है।



# वाइन शॉप के बाहर गंदगी पर केवल साढ़े 6 हजार का चालान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।





नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की अलग-अलग टीम अलग-अलग तरह से स्पाट फाइन कर रही है, जैसा समझ में आता है वैसा चालान काटा जाता है। दो दिन पहले जहां राजीव गांधी सर्कल के समीप स्थित शराब दुकान के बाहर गंदगी पाई गई थी, तो वहां का 90 हजार रु. का चालान निगम के स्वास्थ्य विभाग ने काटा था, अब कल जब वार्ड 9 स्थित शराब दुकान गंदगी मिली और बाहर रेड स्पाट भी मिले तो दोनों का मिलाकर केवल साढ़े 6 हजार रु. का स्पाट फाइन किया गया। इस तरह का फर्क आश्चर्यजनक इसलिए है कि शराब दुकान के बाहर गंदगी के रूप में गिलास, कागज और थूकने के निशान तो मिलते ही है वह सभी दूर एक जैसे गंदगी के काम होते हैं। एक तरफ 90 हजार का चलान तो दूसरी तरफ केवल साढ़े 6 हजार रु. का चालान स्पाट फाइन के रूप में रकाटा गया, जो आश्चर्यजनक है। कल की इस कार्रवाई में निगम के सीएसआई विवेक यादव, एसीएसआई पंकज राठौड़, दरोगा मनोज खोड़े, सहायक राकेश सारवान, राजेश चंदेले और उनकी टीम ने यह स्पाट फाइन किया। निगम के कर्मचारियों ने रेड स्पाट भी साफ कराए।

**एक दिन पहले राजीव गांधी चौराहा पर बनाया था शराब दुकान का 90 हजार का चालान**

## न्यायप्रिय देवता से लग रही है न्याय की गुहार

# आज शनिवार को शनि जयंती का संयोग...भक्तों में उत्साह

## शनि मंदिरों में सुबह से लगी आस्था की कतार, श्रद्धालु कर रहे हैं तेल-तिल अर्पण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।

**आज ज्येष्ठ मास की अमावस्या को न्यायप्रिय देव भगवान शनिदेव की जन्म जयंती मनाई जा रही है। संयोग से आज शनिदेव के जन्मदिन पर उनका प्रिय वार शनिवार भी आया है इसलिए शनैश्चरी अमावस्या और शनि जयंती का संयोग बना है। आज सुबह से श्रद्धालुओं की आस्था की भीड़ शनि मंदिरों में दिखाई दे रही है।**








श्रद्धालु सुबह से कतारबद्ध होकर शनिदेव को तेल-तिल और उनकी प्रिय वस्तुओं का अर्पण कर अभिषेक कर रहे हैं और भगवान की एक झलक आशीर्वाद के रूप में दर्शन कर ले रहे हैं। आज सभी शनि मंदिरों में विशेष शृंगार किए गए हैं, शनि चालीसा के पाठ भी हो रहे हैं, आज दोपहर 12 बजे शनि मंदिरों में जन्म आरती हो रही है। आज सुबह से मंदिरों में अभिषेक के अलावा यज्ञ, पाठ, अभिषेक, शृंगार दर्शन के आयोजन हो रहे हैं। जूनी इंदौर के प्राचीन शनि मंदिर और वहीं के व्यासफला बाल शनि मंदिर एवं जवाहर मार्ग आड़ा बाजार शनि मंदिर, जिंसी, मल्हारगंज थाना के सामने, गोपाल मंदिर के सामने राजवाड़ा, भमौरी, गजासीन मंदिर उषा नगर, केट रोड शनि मंदिर, खजराना शनि मंदिर, न्यायालय के सामने एमजी रोड, लवकुश विहार सुखलिया शनि मंदिर के अलावा जहां-जहां मंदिरों में शनि मंदिर है वहां भी दर्शन और तेल अर्पण की भीड़ है। कई श्रद्धालु आज सुबह बाईंग्राम खंडवा रोड स्थित नवग्रह शनि मंदिर दर्शन के लिए भी निकले हैं। आज अमावस्या पर श्रद्धालु माँ नर्मदा का स्नान करने खेड़ीघाट और ओंकारेश्वर पहुंचकर बाबा ओंकारजी और ममलेश्वर के दर्शन भी करते हैं इसीलिए आज खंडवा रोड पर भारी वाहनों का प्रवेश निषेध किया गया है, जिससे शनि भक्तों को दिक्कत ना हो। आज शाम शनि मंदिरों में पुष्प शृंगार के अलावा रोशनी सज्जा भी देखने को मिलेगी। कई जगह शनि पाठ, सुन्दरकांड पाठ, शांति यज्ञ के आयोजन भी होंगे।



*वहीं लवकुश आवास विहार सुखलिया में भी फूल बंगला सजाया, आज सुबह अभिषेक, महाआरती, प्रसादी का आयोजन किया। उक्त जानकारी चंदू कुंजीर ने दी।*



## म्यूजिक टीम ने दी गीतों की प्रस्तुति

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। गीत गंगा म्यूजिकल गीत संगीत की संस्था ने गायकों के साथ हिन्दी साहित्य समिति में गीतों की शाम का आयोजन किया। लोकेन्द्रसिंह राठौर, भालचन्द्र चैतन्य, उदय भिडे, राजेश दुबे के मार्गदर्शन में यह आयोजन हुआ। गायक रमेश खत्री ने भी प्रस्तुतियां दी।

## अभ्यास मंडल की आज शाम से व्याख्यानमाला

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अभ्यास मंडल द्वारा हर वर्ष वैचारिक परिवर्तन पर एकाग्र रचनात्मक सालाना कार्यक्रम व्याख्यानमाला का आयोजन किया जाता है। आज से 21 मई तक रोजाना शाम 6 बजे से यह व्याख्यानमाला जालसभागृह में होगी। आज सांसद इमरान प्रतापगढ़ी नया भारत नवी सोच विषय पर उद्बोधन देंगे। वहीं कल भी सांसद मनोज झा राजनीति की भपाषा और भाषा की राजनीति पर उद्बोधन देंगे।

## माहेश्वरी पदाधिकारियों ने प्रतिज्ञा पर्व पर ली शपथ



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

श्री माहेश्वरी समाज हाईवे क्षेत्र के नव नियुक्त पदाधिकारियों ने प्रतिज्ञा पर्व पर शपथ लेते हुए अपने कार्यकाल को संगठनात्मक अनुशासनमय के साथ हम की भावना रखने का संकल्प भी लिया। मंच विहिन व्यवस्था रखी। सभी के लिए एक समान व्यवस्था रखी गई। कार्यक्रम समय पर प्रारंभ होकर पूर्ण हुआ। गोविंद काकाणी, सत्यनारायण मंत्री पप्पू, राजेश गट्टानी ने उद्बोधन दिए। हाईवे क्षेत्र में प्रारंभ से लेकर अभी तक सहयोग देने वालों के नाम भी लिए गए। तकनीकी नवाचार की जानकारी मौसम राठी ने दी। श्याम सारडा, राजेश लखोटिया, अजय बियाणी, मोहित बाहेती, संदीप नियाती, पंकज नवाल, अभिषेक इनानी, सुमित सोढानी, विकास माहेश्वरी, आयुष गट्टानी, दीपिका बाहेती ने अपनी भूमिका इस आयोजन में निभाई। पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण मंत्री, घनश्याम कांसट, देवेन्द्र बाहेती, वासुदेव मालू, सुनील मालू, अभय सारडा, विकास माहेश्वरी भी मौजूद रहे।



## जैन समाजजनों ने किया भगवान का जन्म तप और कल्याणक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** बीसपंथी मंदिर मल्हारगंज में भगवान शांतिनाथ का जन्म-तप मोक्ष कल्याणक का आयोजन कल किया गया। आचार्य विप्रणत सागर म.सा. एवं कुमुदनन्दी म.सा. का सानिध्य मिला। लाडू भी चढ़ाए गए। मनमोहन झांझरी, जयदीप जैन, प्रिंसपाल टोंग्या, राजेश पाण्डया, अजयपाल टोंग्या, नरेश सेठी, धनपाल हीरामणि टोंग्या, योगेन्द्र लुहाड़िया, राकेश दोशी, चन्द्रप्रकाश पटवा, दिलीप शाह, वरुण काला, विनोद काला, संजय दोशी, साधना दोशी, सुदर्शन जैन, अनुपमा जैन, प्रद्युम्न पाटनी, हेमंत बाकलीवाल, पवन जैन, चिरोंजीलाल पहाड़िया एवं परिवार भरत संगीता काला, धर्मेन्द्र पाटनी, विजयपाल टोंग्या, नरेन्द्र सोनी ने अपनी भूमिका निभाई।

## तळी भंडार और प्रसादी का आयोजन कल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** येळकोट येळकोट जय मल्हार ग्रुप द्वारा इंदौर में स्थित श्री मल्हारी मार्तंड मंदिरों में प्रत्येक माह के एक रविवार को तळी-भंडार एवं प्रसादी का आयोजन किया जाता है। कल 17 मई को सुबह 11.30 बजे से श्री मल्हारी मार्तंड मन्दिर,उषा नगर में कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें तळी भंडार के बाद प्रसादी का वितरण भी किया जाएगा।



## भक्तामर विधान की भक्ति में लगे 48 दीपक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

अजीतनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मॉडर्न सिटी में कल चौदस पर भक्ति आयोजन किया गया। भक्तामर विधान के अवसर पर 48 दीपक लगाए गए। बड़ी संख्या में दिगम्बर जैन समाजजन मौजूद रहे। उक्त जानकारी पवन जैन, पंकज जैन ने दी।

# योग का 40 दिवसीय अभियान जारी



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले मध्यप्रदेश में योग को जनआंदोलन बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। आयुष विभाग ने घर-घर योग, हर व्यक्ति निरोग अभियान की शुरुआत कर दी जो 40 दिनों 21 जून तक जारी रहेगा। यह आयोजन इन्दौर के अलावा प्रदेश के सभी आरोग्य मंदिरों में समूह के साथ योगाभ्यास कराया जाएगा। इन आयोजन से आनलाइन सीधे जुडकर भी योग प्रशिक्षण लिया जा सकता है। आयोजन के प्रारम्भ में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी जुडे थे और उन्होने उदबोधन भी दिया था। डिजिटल स्टूडियो से प्रतिदिन सुबह 8 से 8:45 बजे तक 45 मिनट का लाइव योग सत्र आयोजित किया जाएगा। इस सत्र का सीधा प्रसारण प्रदेश की लगभग 2000 आयुष संस्थाओं, कॉलेजों, अस्पतालों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में होगा। अभियान को डिजिटल माध्यमों और यूट्यूब लिंक से भी जोड़ा गया है, ताकि आमजन घर बैठे विशेषज्ञों से योगासन-प्राणायाम सीख सकें।अब इस योग को स्कूलों और कॉलेजों को भी इस मुहिम का हिस्सा बनाया जा रहा है। इन्दौर से जुडे अधिकारी डॉ. मीना भायल, डॉ. हंसा बारिया, डॉ. मनीष रघुवंशी ने बताया कि घर-घर कार्यक्रम योग का आनलाइन जुडने का आयोजित किया जा रहा है। ग्राम सगरोद जिला इंदौर में अधिकारी डॉ. सोनाली ठाकुर, डॉ. गौरव जोशी, सुनील कलमे, सुन्दर दामके, प्रतिशा अत्रे, शुभम मकवाना, नरेन्द्र जाधव ग्रामवासियों और जनसामान्य को दुकान, घर, मंदिर, चौपाल सहित अन्य जगह पहुंचकर 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए निमंत्रण दे रहे है।

# जनगणना कार्य वालों का बीमा कराया जाए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

शासकीय शिक्षक संगठन मध्यप्रदेश के दिनेश परमार ने जनगणना के कार्य में संलग्न समस्त लोकसेवकों का बीमा कराए जाने की मांग केंद्र व मध्यप्रदेश सरकार से की है। परमार ने बताया कि जनगणना के प्रथम चरण में मई माह की इस भीषण गर्मी में शिक्षक व अन्य विभाग के कर्मचारी नजरी नक्शा बनाकर घर -घर जाकर मकान गणना का कार्य कर रहें है। प्रथम चरण के बाद द्वितीय चरण फरवरी में इन्ही लोकसेवकों को परिवार गणना भी करनी है। जनगणना के साथ ही अधिकांश शिक्षक मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षाओं की ड्यूटी भी कर रहें है। भीषण गर्मी में किसी भी लोक सेवक के साथ कोई भी अनहोनी हो सकती है।

# हरिद्वार में होने वाले धार्मिक कार्यक्रम में इन्दौरी श्रद्धालु भी जुड़ेंगे

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। स्वामी श्रीराम प्रपन्नाचारी के श्रीमुख से हरिद्वार में भूपतवाला स्थित अग्रसेन धाम, ऋषिकेश रोड़ पर भागवत कथा का आयोजन 30 मई से 5 जून तक 108 विद्वान ब्राह्मणों के सानिध्य में संस्कृत के मूल पाठ सहित सुबह-शाम 2-2 घण्टों के प्रवचन सहित रोजाना श्रीमद् भागवद् के श्लोकों से हवन में आहुतियां देने का कार्यक्रम आयोजित होगा। अधिवक्ता के.पी. माहेश्वरी ने बताया कि इस आयोजन में युवराज स्वामी अनिरूद्धाचार्य भी भक्तों की जिज्ञासा को तृप्त करेंगें। बड़ी संख्या में मालवा-निमाड के अलावा इन्दौरी श्रद्धालु भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। 30 मई को प्रातः 10 बजे गंगा घाट से शोभा यात्रा कथा स्थल तक पहुंचेगी, सात दिवसीय भागवत कथा के बाद भंडारा भी होगा।

# कैंसर पीड़ितों की सेवा करने वाले रमेश दोशी का सम्मान



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। विगत 20से अधिक सालों से रोजाना 5 घंटे कैंसर पीडितों की सेवा करने का दायित्व 83 वर्षीय वरिष्ठ समाजसेवी रमेश दोशी निभा रहे है। उनकी इस सेवा पर कैंसर पीड़ित सेवा संस्था व सुभाष चौक मित्र मंडल ने सहयोग राशि भेंट कर सम्मान किया। इस धनराशि का उपयोग कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से जूझ रहे पीड़ितों की दवाई एवं उनके परिजनों को आने-जाने में लगने वाला खर्च,बच्चों की पढाई एव राशन खर्च मे होगा। कैंसर पीडित के घर तक पहुंचकर वे दवा वितरण कार्य करते है। सेवाभावी रमेश दोशी का सम्मान राजेश जैन 'युवा'के नेतृत्व में किया गया व आवश्यक दवा का वितरण किया। इस दौरान राजेश जैन युवा, दिलीप वोरा.अनिल जैन.रमेश चौकसे,विजय जैन, अशोक पाटनी मौजूद थे।



# शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना शुरू

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मध्यप्रदेश शासन के पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं को सैन्य बल, पुलिस, होमगार्ड एवं अन्य समकक्ष सुरक्षा सेवाओं में भर्ती हेतु सक्षम बनाने के उद्देश्य से 45 दिवसीय प्रशिक्षण 'शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना का शुभारंभ देवी अहिल्या विश्वविद्यालय खंडवा रोड स्थित तक्षशिला परिसर ऑडिटोरियम में किया गया। रीना-सतीश मालवीय, डॉ. स्वप्निल कोठारी अतिथि थे जिन्होने उदबोधन भी दिया। डॉ. अनिल सोनी ने प्रशिक्षण प्रक्रिया और योजना की रुपरेखा बताई। प्रकाश मानावत, मुकेश मकवाना, शैलेन्द्र अत्रे, जे.एस वर्मा, महेश राठौर, भूपेन्द्र गुजराती एवं 200 चयनित विद्यार्थी एवं अभिभावक एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# समर किड्स संस्कार कैंप



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। योग टेंपल आयुर्वेद पंचकर्म एवं नेचुरोपैथी क्लिनिक, नवलखा ने बच्चों के लिए समर किड्स संस्कार कैंप का आयोजन किया। योगी मनोज गर्ग ने बताया कि बच्चे मोबाइल, टीवी और डिजिटल दुनिया में व्यस्त होकर धीरे-धीरे भारतीय संस्कारों एवं परंपराओं से दूर होते जा रहे हैं, वहीं योग टेंपल का यह विशेष कैंप बच्चों को मनोरंजन के साथ-साथ मूल्य आधारित शिक्षा देने का कार्य कर रहा है।आयोजन से मनोज गर्ग, डॉ निकिता शाह, डॉ पिंकी गर्ग, दीक्षा राठौर, छाया दिघे द्वारा योग, एरोबिक्स, जुंबा, स्ट्रेचिंग, डांस, फिजिकल एक्टिविटी, खेलकूद एवं मनोरंजक गतिविधियों के साथ-साथ नैतिक शिक्षा, अनुशासन, भारतीय संस्कृति, कॉन्फिडेंस बिल्डिंग, एकाग्रता वृद्धि, मेमोरी गेम्स, अच्छे संस्कार, बड़ों का सम्मान, प्रार्थना, पर्यावरण बचाव, हेल्दी ईटिंग हैबिट्स, झूठन न छोड़ने एवं सकारात्मक जीवनशैली से संबंधित महत्वपूर्ण बातें भी सिखाई जा रही हैं।



# बड़ों के साथ बच्चों ने भी कराया स्वास्थ्य परीक्षण

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। तिलक नगर स्थित वैष्णव चिकित्सालय में अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद (अंजना संभाग), भारतीय जैन संगठन इंदौर उमंग शाखा तथा रिंकू शर्मा थैलेसीमिया चिकित्सालय एवं रक्त बैंक के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बुजुर्ग से लेकर बच्चों और महिलाओं ने भी स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। चिकित्सकों डॉ. अजय डोसी, डॉ. विवेक सिंह, डॉ. गौरव भापकर, डॉ. वैष्णवी अग्रवाल एवं डॉ. शेनल कोठारी ने सेवाएं दी। हेमलता अजमेरा, साधना लड्ढा, माधवी शाह, आशा विनायका, निर्मला जैन, सरला सामरिया, डॉ. विनिता कोठारी, डॉ. एसएस नैयर, रुचि चोविश्या जैन मौजूद थे।

# संत लादूनाथ महाराज को बरसी महोत्सव में याद किया



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। माली मोहल्ला स्थित महाप्रचंड हनुमान आश्रम स्थापना दिवस एवं संत लादूनाथ महाराज के बरसी महोत्सव का आयोजन किया गया। महाप्रसादी भी हुई। बड़ी संख्या में संत-महंत और श्रद्धालु धार्मिक आयोजन में शिरकत करने पहुंचे। महंत रामकिशन महाराज, राजनाथ योगी, चेतन स्वरूप, राजानंद, चिरागनाथ, रामसेवक दास महात्यागी, महंत दीक्षित, केशवदास, साध्वी सीता, ओखलेश्वर एवं हरि अग्रवाल, सत्यनारायण जाट, विजय अग्रवाल, योगेश सुईवाल, प्रकाश प्रजापत, सुधीर प्रजापत, सचिन सुईवाल सहित अन्य मौजूद थे।

# एबी रोड़ से ट्रेजर टाउनशिप तक आधी से ज्यादा नई सड़क तैयार, अब पुलिया की बारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

राऊ विधानसभा के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 78 से जुड़े अर्जुन नगर से ट्रेजर टाउनशिप तक आने वाले दिनों में निगम बारिश से पहले नवीन पुलिया का निर्माण शुरू करेगा। जिसको लेकर निगम ने तैयारी भी शुरू कर दी है। क्षेत्रीय पार्षद ओमप्रकाश आर्य ने बताया निगम द्वारा वार्ड की सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण ट्रेजर टाउनशिप को एबी रोड से जोड़ने वाले मुख्य सड़क के आधे से ज्यादा निर्माण कार्य पूरा होने के बाद अब मुख्य मार्ग से जुड़ी पुरानी संकरी पुलिया के बजाय पहले से दुगनी चौड़ाई वाली अर्जुन नगर और टाउनशिप के बीच की मुख्य पुलिया जो सालों पुरानी जर्जर हालत में थी। जिसके निर्माण को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। जिसके अन्तर्गत अब निगम द्वारा यहां दो करोड़ अड़तालिस लाख 22 हजार से ज्यादा रूपए खर्चकर पहले से कई गुना मजबूत और चौड़ी पुलिया का निर्माण किया जाएगा।





### दिवाली के आसपास नई पुलिया और सड़क की एक साथ मिलेंगी सौगात

जिससे भविष्य में यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों और क्षेत्र के हजारों रहवासियों को किसी प्रकार की दिक्कत और परेशानी नहीं होगी। जिसको लेकर निगम द्वारा यहां करोड़ों रुपए की लागत से मजबूत पुलिया का नव निर्माण किया जाएगा। जिसको लेकर तैयारियां तेज हो गई है। जबकि इससे पहले एबी रोड से ट्रेजर मुख्य सड़क का निर्माण 70 फीसदी से ज्यादा पूरा हो गया है। पुलिया का निर्माण भी शुरू हो जाने के बाद इस क्षेत्र के रहवासियों को इसी साल दिवाली के आसपास नई सड़क और पहले से दुगनी चौड़ी और मजबूत पुलिया की सौगात एक साथ मिलने वाली है।

### बारिश से पहले अगले माह शुरू हो जाएगा पुलिया निर्माण का कार्य

वही खास बात यह है कि अगले माह मानसून का सीजन शुरू होने से पहले टेंडर और निविदा संबंधित प्रक्रिया पूरी होने के बाद निगम द्वारा जल्द एबी रोड और ट्रेजर टाउनशिप के बीच की मुख्य पुलिया के निर्माण का कार्य शुरू करने की तैयारी है। जिसको लेकर क्षेत्र के रहवासी लंबे समय से क्षेत्रीय विधायक मधु वर्मा और पार्षद ओमप्रकाश आर्य से मांग कर रहे थे। इसके बाद पार्षद और विधायक की जोड़ी के लगातार प्रयास के बाद अब जाकर निगम द्वारा पुलिया की फाइल को मंजूरी देकर सड़क निर्माण के साथ पुलिया का काम भी आने वाले दिनों में जल्द पूरा करने को लेकर अब अपनी ओर से तैयारी शुरू कर दी है। पार्षद ओपी आर्य का कहना है कि बारिश से पहले ही निगम जल्द पुलिया निर्माण का कार्य शुरू कर देगा। जिससे यहां से गुजरने वाले हजारों लोगों को भविष्य में बहुत बड़ी राहत मिलेगी।

ब्लास्ट की खबर का असर

# बिजली विभाग ने महीनों सड़क निर्माण में बाधक विद्युत पोल और डीपी हटाकर किए शिफ्ट



**इंदौर।** सांध्य दैनिक सिटी ब्लास्ट में छपी खबर के असर के बाद आखिर लंबे समय के बाद विद्युत विभाग और निगम ने तीन इमली से जूपिटर हॉस्पिटल तक तैयार हो रही नवीन सर्विस रोड निर्माण कार्य के अन्तर्गत लंबे समय से बाधक बिजली के पोल और डीपी हटाकर इन्हें शिफ्टिंग का कार्य भी अब जाकर पूरा किया जा रहा है। यही नहीं इससे आसपास के रहवासियों ने भी राहत की सांस ली। आखिर अब जाकर लंबे समय से अटका सर्विस रोड का निर्माण कार्य जल्द पूरा हो जाएगा।

गौरतलब है कि इसके लिए ठेकेदार कंपनी और निगम अधिकारियों द्वारा लंबे से विद्युत विभाग से बाधक बिजली के पोल और डीपी और ट्रांसफार्मर हटाने और शिफ्टिंग करने की मांग लगातार पत्र लिखकर और चर्चा कर की जा रही थी। लेकिन किसी न किसी अड़चन और अन्य बाधाओं के कारण यहां का काम अटका हुआ था। यही नहीं इसके कारण तीन इमली से जुपिटर अस्पताल तक सर्विस रोड निर्माण का कार्य भी लंबे समय से अधूरा पड़ा था। हालांकि अब क्षेत्र के लोगों में इस बात की खुशी है कि पिछले दिनों सांध्य दैनिक सिटी ब्लास्ट में प्रमुखता से छपी खबर के असर से आखिर निगम और विद्युत विभाग के अफसरो की नींद खुली और साथ ही विधायक और महापौर के निर्देश और नाराजगी के बाद बारिश से पहले बाधक पोल और डीपी हटाकर इन्हें शिफ्टिंग का कार्य भी पूरा किया जा रहा है। जिससे अब यहां लाइन डालने का काम पूरा कर निगम द्वारा हाथों हाथ नई सीमेंटेड सड़क निर्माण कार्य भी पूरा किया जा रहा है ताकि बारिश के मौसम में यहां से निकलने वाले हजारों वाहन चालकों को परेशानी ना हो।

# महू के सरकारी कॉलेज में छात्र और छात्राओं को ऊबड़-खाबड़ सड़क से मिलने वाली है बड़ी राहत

### पीडब्ल्यूडी शुरू करेगा लाखों रुपए खर्चकर भीतरी सड़क सुधार और विकास कार्य



**इंदौर।** महू क्षेत्र के सरकारी भेरूलाल पाटीदार कॉलेज में लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी द्वारा बारिश का मौसम शुरू होने से पहले भीतर से लेकर बाहर तक एक जैसी नई सड़क निर्माण कार्य शुरू करने के लिए विभागीय तैयारी शुरू कर दी है। विभाग द्वारा इसके लिए बाकायदा टेंडर प्रक्रिया शुरू कर निविदा भी जारी कर दी है। जिसके अंतर्गत निगम करीब आधे से पौन किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण के लिए लाखों रुपए खर्च करेगा।

वहीं बड़ी बात यह है कि भेरूलाल पाटीदार सरकारी कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को नवीन शिक्षा कि सत्र शुरू होने से पहले कॉलेज के भीतरी परिसर में नवीन आंतरिक सड़कों के निर्माण से बड़ी राहत मिलेगी। कॉलेज परिसर के सभी भीतरी रास्तों पर नई सड़क बनने से यहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को बारिश में कीचड़ और गंदगी से भी बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही लंबे समय से ऊबड़ - खाबड़ की बजाय नई सड़क बनने से सभी को इसका फायदा मिलेगा।

# बंद पड़े शौचालय को दिया जा रहा है पिंक टायलेट का रूप

**खरगोन (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि ललित खेड़े)।** नगर पालिका के स्वास्थ्य अधिकारी प्रकाश चित्ते ने स्वच्छता अभियान, गटर सफाई अभियान, गटर पर अतिक्रमणकर्ताओं के अतिक्रमण हटाने के काम के साथ-साथ अब वर्षो से बंद पड़े एक शौचालय को पिंक टायलेट के रूप में शुरू कराने की पहल शुरू की। यह टायलेट तैयार होकर केवल महिलाओं की सुविधा के उपयोग का रहेगा, इसमें कर्मचारी भी महिलाएं रहेंगी। टायलेट के समीप सौफे भी लगाए जाएंगे, झोले भी लगेंगे। प्रकाश चित्ते के साथ जयपाल जमरे ने जिला अस्पताल में बंद पड़े शौचालय का निरीक्षण किया। तत्काल इस टायलेट को चालू कराने के लिए निर्देशित किया गया। जिला अस्पताल परिसर में दिक्कतें आ रही है, पूर्व से इसकी शिकायतें हो रही थी। प्रकाश चित्ते ने बताया कि कुछ ही दिनों में यह टायलेट चालू कर दिया जाएगा।






# भोजशाला पर कानूनी मोहर...उच्च न्यायालय ने कहा भोजशाला मंदिर है

**धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि नितिन राठौर)।** धार स्थित राजा भोज के द्वारा बनवाया माँ सरस्वती मंदिर भोजशाला को आख़िरकार कानूनी मान्यता भी मिल ही गई। सैकड़ो वर्षो से भोजशाला के लिए संघर्ष कर रहे हिन्दू समाज के लिए 15 मई शुक्रवार किसी त्यौहार से कम नहीं था। जिस मंदिर के लिए सदियों से संघर्ष करते आए उसे उच्च न्यायलय से कानूनी मान्यता भी मिल गई कि धार स्थित भोजशाला माँ सरस्वती मंदिर है। इस फैसले के साथ ही धार सहित प्रदेशभर के हिन्दू समाज मे हर्ष की लहर दौड़ गई। भोजशाला के बाहर हिन्दू समाजजनो ने जमकर रंग गुलाल से होली खेली साथ ही मिठाई खिलाकर और पटाखे फोड़कर जश्न भी मनाया जो देर रात चलता रहा, मानो धार मे



होली और दीवाली एक ही दिन आ गए हो, वही सुरक्षा की दृष्टि से नगर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल मौजूद रहा। कोर्ट ने एएसआई के 2003 के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें परिसर में शुक्रवार को नमाज पढ़ने की अनुमति दी गई थी। फैसले के बाद से धार और प्रदेशभर में जश्न का माहौल है, एएसआई के निष्कर्षों और ऐतिहासिक साक्ष्यों के आधार पर इसे देवी सरस्वती का मंदिर माना गया। परिसर में दूसरे वर्ग द्वारा नमाज़ अदा करने की अनुमति को समाप्त कर दिया गया है। केंद्र सरकार को लंदन के संग्रहालय से माँ वाग्देवी की प्रतिमा को वापस लाने (प्रत्यावर्तन) की मांग पर विचार करने का निर्देश दिया गया है। पूरे परिसर की देखरेख और समग्र प्रशासन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के पास ही रहेगा। भोज मुक्ति यज्ञ के संयोजक गोपाल शर्मा ने बताया कि हिंदू समाज के संघर्ष को अभी एक अल्प विराम मिला है। यह विजय यात्रा की पहली सीढ़ी है। जब तक भोजशाला का पूर्ण स्वरूप नहीं मिल जाता, हमारा सत्याग्रह जारी रहेगा।

## संपादकीय

# पेट्रोल-डीजल से रसोई तक पड़ेगा असर, ईरान-अमेरिका तनाव के बीच महंगाई का नया संकट

ईरान पर इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद वैश्विक स्तर पर ऊर्जा कीमतों में जिस तरह की तेजी आई है, अब तेल कंपनियां आम उपभोक्ताओं पर भी उसका बोझ सीधे डालना शुरू कर चुकी हैं। पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच इस बात की आशंका पहले से जताई जा रही थी कि तेल और गैस की कमी की वजह से आने वाले दिनों में जरूरी वस्तुओं की महंगाई बढ़नी तय है। खासतौर पर रसोई गैस की किल्लत की वजह से आम लोगों के सामने कैसी परिस्थितियां पैदा हुई हैं, यह सब जानते हैं। इस दौरान देश में ईंधन, बिजली और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल की वजह से थोक महंगाई दर अप्रैल में 8.3 फीसद दर्ज की गई, जो मार्च में 3.88 फीसद थी। साफ है कि घरेलू बाजार पर अब अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का असर पड़ना शुरू हो चुका है। हालांकि कुछ समय पहले वाणिज्यिक गैस सिलेंडर और विमानन टर्बाइन ईंधन के दाम में खासी बढ़ोतरी की गई थी, लेकिन उसके असर का दायरा कुछ हद तक सीमित था। अब पेट्रोल और डीजल की कीमतों में इजाफे का मोर्चा जिस तरह खुला है, उससे साफ है कि अगर ईरान और अमेरिका के बीच टकराव के साए में तेल की आपूर्ति लंबे समय तक बाधित रही, तो इसका असर जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित करेगा। गौरतलब है कि तेल कंपनियों की ओर से शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तीन-तीन रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। वहीं सीएनजी की कीमत में भी दो रुपए प्रति किलोग्राम का इजाफा किया गया। जाहिर है, ईरान पर इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद वैश्विक स्तर पर ऊर्जा कीमतों में जिस तरह की तेजी आई है, अब तेल कंपनियां आम उपभोक्ताओं पर भी उसका बोझ सीधे डालना शुरू कर चुकी हैं। यों जब ईरान ने होर्मुज जलमार्ग को बाधित किया था और दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे के तेलशोधन केंद्रों और ठिकानों पर मिसाइल दागे गए, तभी से यह साफ था कि इसका असर दुनिया भर में होने वाली तेल और गैस की आपूर्ति पर पड़ेगा और नतीजतन सभी क्षेत्रों में महंगाई बढ़ेगी। खासतौर पर उन देशों में ज्यादा मुश्किल पैदा हो सकती है, जहां तेल और गैस की आपूर्ति को सहज बनाए रखने के विकल्प सीमित हैं। दरअसल, होर्मुज जलमार्ग से दुनिया भर में लगभग बीस से पच्चीस फीसद तेल और गैस की आपूर्ति होती है और इसी वजह से इसके बाधित होने के प्रभाव का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। स्वाभाविक रूप से भारत में भी तेल और गैस की कमी पैदा हुई। हालांकि अमेरिका की ओर से लगाई गई शर्तों के बीच भारत ने रास्ता निकालने की कोशिश की थी, लेकिन अब युद्ध से उपजी जटिलता जैसे-जैसे लंबी खिंचती जा रही है, वैसे-वैसे विकल्प भी सिमटते जा रहे हैं। यह छिपा नहीं है कि डीजल के दाम में बढ़ोतरी के साथ ही माल ढुलाई की कीमत बढ़ती है और उसकी वजह से सभी जरूरी उपभोक्ता वस्तुओं की महंगाई में बढ़ोतरी होती है। यानी फिलहाल डीजल के दाम तीन रुपए बढ़े हैं, लेकिन ईरान और अमेरिका के रुख के असर में वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संकट के जो हालात बने हुए हैं, उसमें यह कहना मुश्किल है कि तेल के दाम में वृद्धि यहीं रुक जाएगी। ऐसी स्थिति में अगर खाने-पीने से लेकर जरूरत की हर चीज की कीमतें बेलगाम हुईं, तो यह एक स्वाभाविक परिणति होगी। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव की वजह से उपजे ऊर्जा संकट में जरूरत इस बात की है कि सरकार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल और गैस की उपलब्धता वाले देशों के साथ कूटनीतिक संवाद स्थापित करे और देश में गहराती मुश्किल को कम करने के लिए पहलकदमी करे।

## सम्राट विक्रमादित्य अंतर्राष्ट्रीय सम्मान के लिए नामांकन आमंत्रित

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर सम्राट विक्रमादित्य की गौरवशाली स्मृति में 'सम्राट विक्रमादित्य अंतर्राष्ट्रीय सम्मान' स्थापित किया गया है। यह सम्मान सम्राट विक्रमादित्य के शौर्य, न्यायप्रियता, सुशासन, दानशीलता, प्रजावत्सलता एवं भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, उज्जैन द्वारा संस्कृति विभाग के सहयोग से स्थापित सम्राट विक्रमादित्य अंतर्राष्ट्रीय सम्मान की राशि 1 करोड़ 1 लाख रुपये निर्धारित की गई है। इसके साथ ही 21 लाख रुपये का राष्ट्रीय सम्मान और पाँच-पाँच लाख रुपये के तीन शिखर सम्मान भी स्थापित किए गए हैं। यह सम्मान भारत की सांस्कृतिक गरिमा को विश्व मंच पर नई पहचान प्रदान करेगा। इच्छुक संस्थाएं एवं व्यक्ति 20 मई, तक सम्मान के लिए नामांकन भर सकते है।



# अवैध शराब के साथ दो इंदौरी देपालपुर में पकड़ाए

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी एवं डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में वृत्त- देपालपुर में उप निरीक्षक भगवानदास अहिरवार एव टीम द्वारा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध मुखबिर की सूचना पर काली बिल्लौद रोड पर चेकिंग दौरान काले रंग की पल्सर दो पहिया वाहन क्रमांक एमपी-09 डीझेड 8265 पर संजय पिता अमरसिंह एवं सुनील पिता भंवरसिंग निवासी दोनों इंदौर के द्वारा अवैध मदिरा का परिवहन करते हुए एक झोले में 24 नग बोल्ट बीयर केन के जब्त किए गये। दोनों आरोपियों को मध्य प्रदेश आबकारी अधि.1915 की धारा 34(1) क का प्रकरण पंजीबद्ध कर, मौके पर ही जमानत मुचलके पर छोड़ा गया। जब्त मदिरा व वाहन का कुल अनुमानित बाजार मूल्य 155000/- रुपए रहा। कार्यवाही में राशि सोलट, रवींद्र कुमार बघेल, सावन सिसोदिया का सराहनीय योगदान रहा।

# फ्लैट के सौदे को लेकर दो पक्षों में विवाद, जमकर मारपीट

**इन्दौर।** पंढरीनाथ थाना क्षेत्र में एक फ्लैट की खरीद-बिक्री के लेनदेन को लेकर दो गुट आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लात-घूंसे बरसाए और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर एक-दूसरे के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, पहले पक्ष की ओर से फरियादी फैजान पिता अब्दुल रईस निवासी मोती तबेला ने मामला दर्ज कराया है। फैजान ने पुलिस को बताया कि फ्लैट की खरीदी-बिक्री की बात को लेकर आरोपी मोंटी पुरी, पवन चौहान और रत्नाकर ने उससे विवाद शुरू कर दिया। जब फैजान ने आरोपियों को गालियां देने से मना किया, तो तीनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और जाते-जाते जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के मुताबिक, आरोपी मोंटी पुरी शातिर बदमाश है और उस पर पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

वहीं, पुलिस ने दूसरे पक्ष की शिकायत पर भी जवाबी कार्रवाई की है। दूसरे पक्ष से फरियादी पवन पिता महेश चौहान, निवासी कल्याणम रेजीडेंसी की रिपोर्ट पर आरोपी जान और मोहन बामनिया के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पवन का आरोप है कि फ्लैट के सौदे को लेकर इन दोनों आरोपियों ने भी उनके साथ गाली-गलौज की, झूमाझटकी करते हुए मारपीट की और जान से खत्म करने की धमकी दी।पंढरीनाथ पुलिस का कहना है कि फ्लैट विवाद में दोनों ही पक्षों को चोटें आई हैं। दोनों पक्षों की ओर से मिली शिकायतों के आधार पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया है।

# भतीजे ने बुजुर्ग चाचा को डंडे से किया घायल

**इन्दौर।** सिमरोल थाना क्षेत्र में एक भतीजे ने पेड़ से आम खाने के विवाद को लेकर अपने सगे बुजुर्ग चाचा पर डंडे से हमला कर उन्हें लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने आरोपी के प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, घटना ग्राम धावड़िया की है। फरियादी करणसिंह पिता विश्राम कोहली (70) बीती रात करीब 9 बजे अपने घर के सामने लगे आम के पेड़ के नीचे बैठे हुए थे। इसी दौरान उनका सगा भतीजा शनिदेव पिता मदन कोहली वहां आया। उसने आते ही करणसिंह से विवाद करते हुए कहा कि तू मुझे पेड़ के आम क्यों नहीं खाने देता जब बुजुर्ग करणसिंह ने उसे समझाने का प्रयास किया और गालियां देने से मना किया, तो आरोपी शनिदेव आपा खो बैठा। वह घर के भीतर से डंडा उठा लाया और अपने बुजुर्ग चाचा पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। इस हमले में करणसिंह को शरीर और सिर में गंभीर चोटें आई हैं। मारपीट के बाद आरोपी उन्हें जान से खत्म करने की धमकी देता हुआ मौके से भाग निकला।

# ताला तोड़ने की बात पर विवाद, लात-घूंसों से पीटा

**इन्दौर।** देपालपुर थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग द्वारा ताला तोड़ने की वजह पूछने पर आरोपियों ने उन पर और उनके बेटे पर हमला कर दिया। पुलिस ने घायल बुजुर्ग की रिपोर्ट पर दो लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, घटना ग्राम सेमदा की है। फरियादी जयराम पिता पदमसिंह परमार (60) की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की है। जयराम ने पुलिस को बताया कि उनके घर के पास मौजूद कूड़े के ढेर के पास एक ताला लगा हुआ था, जिसे आरोपी कालू पिता हरिसिंह परमार और उसकी पत्नी आशाबाई ने मिलकर तोड़ दिया।जब बुजुर्ग जयराम ने आरोपियों से ताला तोड़ने का कारण पूछा, तो दोनों पति-पत्नी आगबबूला हो गए। उन्होंने जयराम को गालियां देते हुए लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। पिता को पिटता देख जब उनका बेटा मनोहर बीच-बचाव करने और उन्हें बचाने के लिए दौड़ा, तो आरोपियों ने उसे भी नहीं बख्शा और उसके साथ भी जमकर मारपीट की।

# थाने से छूटते ही बनाई 'जेल से फरार' वाली रील

## पुलिस ने दोबारा दबोचा तो निकली हेकड़ी, कान पकड़कर मांगी माफी

**इन्दौर।** पुलिस की सख्ती और कार्रवाई को चुनौती देना एक युवक को भारी पड़ गया। परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पकड़े गए एक युवक ने थाने से बाहर निकलते ही रील बनाने का दुस्साहस किया। उसने अपनी बाइक के साथ वीडियो बनाते हुए बल्लू तुम्हारी जेल से फरार जैसे डायलॉग के साथ रील पोस्ट की। जब यह रील सोशल मीडिया पर वायरल हुई, तो पुलिस के आला अधिकारियों ने इसे गंभीरता से लिया और युवक को दोबारा थाने बुलाकर उसकी हेकड़ी निकाल दी।







पुलिस के अनुसार, वैष्णव पिता राजेश कुशवाह निवासी स्कीम नंबर 78 को परदेशीपुरा पुलिस ने नियमित चेकिंग के दौरान रोका था। उसके पास दस्तावेज न होने पर उसे थाने लाया गया था। बाद में जब उसने आवश्यक दस्तावेज दिखाए, तो पुलिस ने उसे चेतावनी देकर छोड़ दिया।थाने से छूटते ही वैष्णव ने अपनी बाइक निकालते हुए रील बनाई। इस वीडियो में वह काफी दबंगई दिखाते हुए मशहूर 'बल्लू तुम्हारी जेल से फरार' वाले डायलॉग पर लिप-सिंक कर रहा था। युवक ने शायद यह सोचा होगा कि रील उसे सोशल मीडिया स्टारबना देगी, लेकिन पुलिस को यह कार्रवाई अपने अपमान के रूप में लगी।वीडियो वायरल होने के बाद परदेशीपुरा पुलिस ने तुरंत युवक की पहचान की और उसे दोबारा थाने बुला लिया। इस बार पुलिस का रुख काफी सख्त था। थाने पहुँचते ही युवक की सारी हेकड़ी हवा हो गई। उसे अपनी गलती का एहसास हुआ और वह पुलिसकर्मियों के सामने कान पकड़कर माफी मांगने लगा। पुलिस ने उसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

# डीजल केयर क्लब ने जीता क्रिकेट खिताब




**इंदौर।** प.जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम मैदान पर राजीव गांधी एकता क्लब द्वारा भीमराव अंबेडकर कप का रात्रि कालीन इनामी स्पर्धा का रोमांचक फाइनल मैच डीजल केयर क्लब ने चंपा बाग क्लब को 29 रनों से हराकर जीता ।

टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय चंपा बाग ने लिया पहले बल्लेबाजी करते हुए डीजल केयर ने 10 ओवर में 5 विकेट खोकर 84 रनों का विजयी लक्ष्य चंपा बाग के सामने रखा

लक्ष्य का पीछा करते हुए चंपा बाग में 5.5 गेंद में 6 विकेट खोकर मात्रा 54 रन ही बना पाई और यह मैच डीजल केयर ने 29 रनों से जीतकर ट्रॉफी पर अपना अधिकार जमाया!

स्पर्धा में मुख्य अतिथि के रूप में एम.आई.सी.सदस्य नंदू पहाड़िया ने विजेता टीम को चमचमाती ट्रॉफी के साथ 31000 उपविजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 11000 की नगद राशि प्रदान की । विशेष अतिथि के रूप में टंटू शर्मा, रूबी नय्यर, अनोखी सिलावट उपस्थित थे।

कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत विक्की सिलावट, सौरभ वर्मा (एडवोकेट), अलंकार रायकवार,विनू रायकवार,विजय रायकवार,अनिकेत सिलावट,रणवीर सिलावट,सन्नी शर्मा,एवं मोनू यादव ने किया । कार्यक्रम का प्रभावी संचालन अलंकार रायकवार ने किया । स्पर्धा में मैन ऑफ द सीरीज अवार्ड के रूप में सूरज यादव (टावर) को साइकिल भेंट की। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का अवार्ड भय्यू एवं सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का अवार्ड रोहित खैर को दिया गया।

# कलेक्टर ने शुरू कराई जिलेभर में पटाखा फैक्ट्रियों और गोदामों की जांच



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** गत दिवस देवास जिले में पटाखा फैक्ट्री में हुई दुर्घटना तथा वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए कलेक्टर शिवम वर्मा ने जिले के सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र में संचालित पटाखा गोदामों एवं फैक्ट्रियों की जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही ऐसी फैक्ट्रियां जो अत्यधिक संवेदनशील हैं, जैसे एसिड अथवा अग्नि से सीधे संबंधित इकाइयां, उनकी विशेष जांच कर आवश्यक कार्रवाई शीघ्र करने के निर्देश भी दिए गए हैं। जिला प्रशासन के अमले द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान सुरक्षा में कमियां पाए जाने पर तीन पटाखा फैक्ट्री को सील किया गया है। एडीएम रोशन राय ने बताया कि इसी क्रम में तहसील हातोद के ग्राम खजुरिया स्थित पटाखा फैक्ट्री का तहसीलदार द्वारा निरीक्षण किया गया तथा संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सुरक्षा मानकों में कमी पाए जाने पर खजुरिया स्थित इस फैक्ट्री को सील किया गया है। इस फैक्ट्री के संचालक विनोद पिता रूपाजी हैं। वहीं एसडीएम सांवेर द्वारा धतुरिया एवं पंचडेरिया क्षेत्र में स्थित पटाखा संस्थानों की आकस्मिक जांच की गई। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक सुधार करवाए गए तथा सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित संचालकों को दिए। अनुविभाग बिचोली क्षेत्र में भी पटाखा फैक्ट्री और गोदामों की जांच की गई। इस दौरान सुरक्षा मानकों में कमियां पाये जाने पर ग्राम राजधरा स्थित शाना फायर वर्क्स (संचालक अकरम मंसूरी) एवं बाबा फायर वर्क्स (संचालक सलीम मंसूरी) की पटाखा फैक्ट्री को सील किया गया। यह कार्रवाई तहसीलदार श्री अनिल पटेल, सुश्री शिखा सोनी, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी की उपस्थिति में की गई। जिले में निरीक्षण की कार्रवाई लगातार जारी है।

# हायड्रेंट से प्राइवेट टैंकरों को नहीं मिलेगा पानी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने कल सिटी बस कार्यालय के सभागृह में अधिकारियों की बैठक ली। जल प्रदाय, सीवरेज, सीएम हेल्प लाइन और निगम एप पर आ रही शिकायतों को लेकर चर्चा हुई। ग्रीष्मकाल में जलापूर्ति पर फोकस रहा। प्राप्त शिकायतों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश भी दिए गए, यह भी कहा गया कि जो प्राइवेट टैंकर हैं उन्हें हायड्रेंट से पानी नहीं दिया जाए। अगर शिकायत मिली की प्राइवेट टैंकर को पानी दिया तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी। यह प्राइवेट टैंकर अब निजी हायड्रेंट से पानी लेंगे। अभी तक शिकायतें आ रही थी कि निगम के हायड्रेंट से प्राइवेट टैंकर भी पानी भर रहे हैं। आयुक्त ने झोनवार समीक्षा सभी मुद्दों पर की। खासतौर से शिकायतों का समय सीमा में झोन निराकरण करें, पानी की समस्या का हल करें। निगम के सभी पानी के टैंकर पर स्टीकर लगे रहना चाहिए। स्टीकर निकल जाए तो उन पर दोबारा लगाए जाए। वाटर सप्लाय के लिए जो कर्मचारी नियुक्त है उन पर भी नियंत्रण रखा जाए, सभी क्षेत्र में एक साथ पानी की सप्लाय हो। जरूरी हो तो प्राइवेट हायड्रेंट से भी निगम के टैंकर से पानी भरवाया जाए। स्वच्छता सर्वेक्षण गाइड लाइन की भी समीक्षा की गई। विभागीय अधिकारी अपने-अपने झोन, वार्ड में प्रातःकालीन फील्ड में रहे और कार्य करें व करवाए।




## इंदौर ओपन एशियन जूनियर अंडर-12 टेनिस टूर्नामेंट के क्वालीफाइंग मुकाबले आज से

**इंदौर।** म.प्र. टेनिस संघ द्वारा आयोजित एवं पाथ फाउंडेशन व मोयरा सरिया द्वारा प्रायोजित पुनित मेमोरियल एशियन जूनियर अंडर-12 इंदौर ओपन टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन इंदौर टेनिस क्लब में 18 से 22 मई तक किया जा रहा है। जिसमें एशिया के कई देशों के अलावा देश व प्रदेश के स्थानीय खिलाड़ियों को भी इसमें खेलने का मौका मिलेगा। क्वालीफाइंग दौर के मुकाबले आज से प्रारंभ होंगे। भारतीय टेनिस संघ के पूर्व महासचिव अनिल धूपर ने बताया कि जूनियर खिलाड़ियों के लिए संगठन लगातार टूर्नामेंट आयोजित करता आ रहा है। अब पहली बार इंदौर में एक और बड़ा टूर्नामेंट आयोजित की जा रहा है, जिसमें एशियाई देशों के साथ देश के जूनियर खिलाड़ियों के साथ स्थानीय खिलाड़ियों को भी खेलने का मौका मिलेगा। इंदौर में पहली बार एशियन जूनियर अंडर-12 इंदौर ओपन टेनिस टूर्नामेंट खेला जाएगा। इसमें भारत के अलावा अन्य देशों के बालक व बालिकाएं शिरकत कर रहे है। टूर्नामेंट के लिए इंदौर टेनिस क्लब सज संवर कर तैयार है। धूपर ने बताया कि यह टूर्नामेंट नॉक आउट नहीं होगा। इसमें हर खिलाड़ी को अपनी पोजीशन हासिल करने के लिए अंतिम दिन तक मैच खेलना होगा।

# उन्नत कृषकों को मिलेंगे पुरस्कार

## 25 मई तक मंगाए गए आवेदन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जिले में किसानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वर्ष 2025-26 में कृषि की उन्नत तकनीक अपनाकर अधिक उत्पादन प्राप्त कर अपनी आय बढ़ाने वाले उन्नत किसानों को राज्य शासन द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। यह पुरस्कार कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, कृषि अभियांत्रिकी किसानों को आत्मा योजनान्तर्गत मिलेंगे। उन्नत किसानों को जिला स्तर पर 25-25 हजार रुपये और विकासखण्ड स्तर पर 10-10 हजार के पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके लिये विभाग द्वारा जिले के किसानों से 25 मई तक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन मंगाए गए हैं।

## बारामत्था बगीची में कल शाम सुन्दरकांड पाठ

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कल रविवार 17 मई की शाम 6 बजे से बारामत्था बगीची लालबाग के समीप सुन्दरकांड पाठ किया जाएगा। संतों और आचार्यों की मौजूदगी में अनुष्ठान, अभिषेक भी किया जाएगा, महआरती भी होगी। कैलाश मोदी एवं शैलेन्द्र ने उक्त जानकारी दी।

# नन्हें खिलाड़ियों ने अपनी चालों से किया प्रभावित



**इंदौर ।** ऑल इंदौर चेस एसोसिएशन द्वारा अयोजित संजय कासलीवाल मेमोरियल ओपन इनामी ब्लिट्ज शतरंज स्पर्धा का पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि राजेंद्र सिंह जैन व विशेष अतिथि अजय चौरडिया, डॉ. अनुपमा जैन व विकास जैन के अतिथि में संपन्न हुआ । इस अवसर पर ऑल इंदौर चेस एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल फतेहचंदानी भी उपस्थित थे । विजेता खिलाड़ियों को नगदी राशि, कप व मेडल से सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का संचालन अभिषेक गुप्ता व आभार पीयूष जमींदार ने किया । स्पर्धा महावीर बाल संस्कार केन्द्र द्वारा संचालित संजय अजीत कासलीवाल मेमोरियल चेस एकेडमी 52 कंचन बाग पर दो वर्गों में अंडर 10 व अंडर 15 वर्ग में खेली गई । इस स्पर्धा में 21 अंतरराष्ट्रीय रेटिंग प्राप्त खिलाड़ियों ने भाग लिया । स्पर्धा स्पर्धा का सफल संचालन फिडे आर्बिटर प्रिंस लोबो, दिनेश गुप्ता, रजत यादव, श्रद्धा पोरवाल, पूजा धुत, कुणाल अयाचित, गोपाल कृष्ण मालवीय व वैभव तोमर टीम द्वारा किया गया !

स्पर्धा 6 चक्रों मे संपन्न हुई, जिसमें अंडर 10 में प्रथम अयाचित सिद्धेस, द्वितीय सोरेन बत्रा, तृतीय बरोड़ विराज, चौथे हरेराम गंगाले, पांचवें सात्विक जैन, छटवें अर्थव गोयल, सातवें राजवर्धन संघवी, आठवें प्रणव जेठे, नवें देवादित्य जैन, दसवें पर आरुष संघवी रहे।

बालिका वर्ग में प्रथम जयति वगेरिया, द्वितीय नायसा जैन, तृतीय आराध्या अग्रवाल,

अंडर 7 में प्रथम ईशित्व मूनट, द्वितीय अविरत राठी, तृतीय रिदित मुंद्रा, चौथे आश्वी शाह, पांचवे अर्हम टुपकर रहे।

अंडर 15 में प्रथम पोरवाल कियान, द्वितीय प्रयाण चोपडा, तृतीय अपार मकवाना, चौथे दिव्यान पपरीवाल, पांचवें यूवान राजपाल, छटवें आरव माहेश्वरी, सातवें राघव द्विवेदी, आठवें कविन कपूर, नवे तत्व जैन, दशवे राजवीर सिंह बग्गा रहे। बालिका वर्ग में प्रथम अंजली श्रीवास्तव, द्वितीय कानवी शाह, तृतीय सुहानी पाटिल रही।

**न्यायालय द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड देपालपुर जिला-इंदौर म.प्र. समक्ष ( पीठासीन अधिकारी-श्रीमती सुमित्रा ताहेड़ )**

**एम.जे.सी. एस.यू.सी. 03/2025**
**पेशी दिनांक:- 29.06.2026**

**मधुरम** वादी.......

**विरूद्ध**

**सर्वसाधारण व अन्य** प्रतिवादी.......

**प्रेषिति**
**सर्वसाधारण**
**निवासी- मालूम नहीं**

इस न्यायालय में उपरोक्त प्रार्थी ने आपके विरूद्ध भारतीय उत्तराधिकार अधिनियन की धारा 372 के अंतर्गत मधुरम सोमानी ने उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रदान किये जाने हेतु उक्त एम.जे.सी. एस.यू.सी. 03/2025 प्रकरण संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में नियत दिनांक 29.06.2026 को प्रातः 11:00 एम.जे.सी. 03/2025 प्रकरण के उत्तर के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वंय या किसी ऐसे प्लीडर के द्वारा उपसंजात हो सकते हो जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और इस वाद पत्र में संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दें सके या जिसके साथ कोई व्यक्ति हो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देशित भी किया जाता है कि आप इस समन जानकारी के 30 दिवस के भीतर अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करे और उस दिन सब दस्तावेजों जो आपके कब्जे में या शक्ति में हो पेश करे। जिन पर आपकी प्रतिरक्षा का दावा या प्रतिदावा आधारित है। यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में ना हो अपनी प्रतिरक्षा के दावें या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं ऐसे दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपाबंध करने वाली सूची प्रविष्टी करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई नियत दिनांक को उपसंजात नहीं होगे तो प्रकरण की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। इस न्यायालय की मुद्रा से आज दिनांक 12.05.2028 को जारी किया गया है।

**( सुमित्रा ताहेड़ )**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड**
**देपालपुर जिला-इन्दौर**

# महाकाल की भस्म आरती में शामिल हुईं भारतीय महिला क्रिकेट टीम

## अगले माह खेला जाएगा महिला टी-20 वर्ल्ड कप

**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में शनिवार सुबह भारतीय महिला क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंची। टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर सहित अन्य खिलाड़ियों ने तड़के भस्म आरती में शामिल होकर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया।

जानकारी के अनुसार भारतीय महिला क्रिकेट टीम के सदस्य शुक्रवार को ही इंदौर पहुंच गई थी और इंदौर के एक होटल में रूककर, तड़के करीब 3 बजे मंदिर पहुंचे। इस दौरान कप्तान हरमनप्रीत कौर के साथ कोच भी शामिल हुए। कप्तान हरमनप्रीत के साथ प्रवीण शर्मा, अमोल मुजुमदार, अरुंधति, शेर सिंह, अनिरुद्ध, भारती, साल्वी, श्रेयंका, रेणुका, राखी, धनंजय, नंदिनी, सचिन, पूर्वा, यस्तिका, शैफाली, दीप्ति, ममता, राधा, क्रांति, रुचा, मुनीश, नल्लापु, गोल्लाने सहित अन्य खिलाड़ी मौजूद रहे। सभी खिलाड़ियों ने ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर की प्रातःकालीन भस्म



आरती में दर्शन लाभ लिया। भस्म आरती के दौरान महिला खिलाड़ी पूरी तरह भक्ति में लीन नजर आईं। करीब दो घंटे तक आरती में शामिल रहने के बाद खिलाड़ियों ने नंदी हॉल में पूजन-अभिषेक किया और नंदी के कान में अपनी मनोकामना कही। इसके बाद चांदी द्वार से भगवान महाकाल को पुजारी के हाथों जल अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आरती के पश्चात श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से भारतीय महिला क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों का स्वागत और सम्मान भी किया गया।

## ड्यूबॉल फेडरेशन के उपाध्यक्ष बने रजनीश जैन



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** ड्यूबॉल एसोसिएशन ऑफ मध्यप्रदेश के महासचिव रजनीश जैन को ड्यूबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया का उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। इंदौर से संचालित उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर ड्यूबॉल में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। खिलाडी रहे फिरोज बाबू खान सहित अन्य ने बधाई दी है।

## अभिषेक व कुलदीप की अर्धशतकीय पारी से एमवायसीसी सेमीफायनल में





**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में आयसीसी द्वारा आयोजित आयसीसी महावीर टी-20 क्रिकेट स्पर्धा का सेमीफायनल मैच एमवायसीसी एवं राउ क्लब के मध्य क्वार्टर फायनल मैच खेला गया जिसमें एमवायसीसी ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 4 विकेट खोकर 206 रन बनाए। अभिषेक यादव ने 69 रन एवं कुलदीप गेही ने 50 रन तथा तनय पाटीदार ने 37 रन बनाए। पहले विकेट के लिए अभिषेक व कुलदीप के मध्य 31 गेंदों पर 60 रनों की साझेदारी हुई। जवाब में राउ क्लब की टीम 20 ओवरो में 9 विकेट खोकर 149 रन ही बना पाई और यह मैच 57 रनों के अंतर से हार गई। अंशुमन पंड्या ने 45 रन एवं रोहित जाटव ने 33 रन बनाये। नमन जैन ने 3 विकेट लिए।

## ग्रीष्मकालीन ताइक्वांडो शिविर प्रारंभ



**इंदौर।** बंगाली चौराहा स्थित किड्डी जंक्शन में ग्रीष्मकालीन ताइक्वांडो प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक मिथिलेश कैमरे बच्चों को ताइक्वांडो की बारीकियों से अवगत करा रहे हैं। प्रशिक्षक मिथिलेश कैमरे द्वारा खिलाड़ियों को किक, पंच, पूमसे और सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य ताइक्वांडो खेल की नर्सरी के रूप में उभरते खिलाड़ियों को तैयार करना है। शिविर के दौरान प्रतिस्पर्धाओं के माध्यम से खिलाड़ियों को अपने परिश्रम का प्रतिफल आंकने का अवसर भी मिलेगा। इसके बाद चुनिंदा खिलाड़ियों के लिए एडवांस शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें खेल के आधुनिक तरीकों के साथ-साथ यलो बेल्ट की तैयारी कराई जाएगी। प्रतिस्पर्धी खिलाड़ियों के लिए विशेष फाइट ट्रेनिंग भी होगी। इस अवसर पर किड्डी जंक्शन की डायरेक्टर चेतना सतीजा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका मार्गदर्शन किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। शिविर में 6 वर्ष से अधिक आयु के बालक-बालिकाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। आयोजकों ने बताया कि ताइक्वांडो से बच्चों में आत्मरक्षा के साथ-साथ अनुशासन और आत्मविश्वास भी विकसित होता है।

## राज्यस्तरीय शैक्षणिक अधिकारी-कर्मचारी क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ



**इंदौर।** पंचमढ़ी में आयोजित 12वीं राज्यस्तरीय शैक्षणिक अधिकारी-कर्मचारी क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आलोक खरे सहायक संचालक लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश रहे। वहीं जिला क्रीड़ा अधिकारी वन्दना रघुवंशी की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर इंदौर संभाग दल के कप्तान, राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी एवं वरिष्ठ व्यायाम निर्देशक अनिल गौड़ ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का सफल संचालन अश्विन मालवीय द्वारा किया गया।

### प्लेऑफ की रेस हुई और रोचक

# सीएसके की हार से इन दो टीमों को हुआ फायदा

**चेन्नई।** लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ मिली 7 विकेट से हार के बाद चेन्नई सुपर किंग्स की आईपीएल 2026 प्लेऑफ की उम्मीदों को तगड़ा झटका लगा है। पॉइंट्स टेबल में भी सीएसके की टीम 6ठे पायदान पर खिसक गई है। चेन्नई के अब इस सीजन दो और मैच बाकी है, उन मैचों को हर हाल में जीतने के बाद भी उनकी किस्मत की चाबी उनके हाथों में नहीं है। जी हां, सीएसके को अब प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने के लिए दूसरी टीमों के रिजल्ट पर निर्भर रहना होगा। उनकी हार से 2 टीमों को जबरदस्त फायदा हुआ है। आईए एक नजर आईपीएल 2026 प्लेऑफ समीकरण पर डालते हैं-

आईपीएल 2026 प्लेऑफ की रेस में फिलहाल 8 टीमें हैं। लखनऊ सुपर जाएंट्स और मुंबई इंडियंस ही आधिकारिक रूप से टूर्नामेंट से बाहर हुई है। हालांकि दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स जैसी टीमों के भी प्लेऑफ में पहुंचने के चांसेस ना के बराबर हैं।

टॉप-4 पर नजर डालें तो डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल



चैलेंजर्स बेंगलुरु के अलावा गुजरात टाइटंस और सनराइजर्स हैदराबाद की टीमें प्लेऑफ में पहुंचने के प्रबल दावेदार हैं। जीटी और आरसीबी के खाते में 16-16 अंक है, एक जीत उन्हें यहां से प्लेऑफ का टिकट दिला सकती है। वहीं एसआरएच 14 पॉइंट्स के साथ तीसरे पायदान पर है। उनके अगले दो मैच सीएसके और आरसीबी के खिलाफ है। इन दोनों मुकाबलों को जीतकर वह भी अधिकतम 18 अंकों तक पहुंच सकती है। पंजाब किंग्स फिलहाल पॉइंट्स टेबल में चौथे नंबर पर है।

### चौथे पायदान के लिए तीन टीमों के बीच रेस

प्लेऑफ की दौड़ में बनी टीमों में चौथे पायदान के लिए तीन टीमों -पंजाब किंग्स, चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स- के बीच रेस लगी हुई है। सीएसके की इस हार से आरआर और पीबीकेएस को जबरदस्त फायदा हुआ है। पंजाब की टीम पॉइंट्स टेबल के टॉप-4 में 13 अंकों के साथ बनी हुई है, वहीं राजस्थान 12 पॉइंट्स के साथ 5वें नंबर पर पहुंच गई है।

पंजाब किंग्स बचे दो मैच जीतकर अधिकतम 17 अंकों तक पहुंच सकती है, हालांकि उन्हें पिछले 5 मैचों में लगातार हार का सामना करना पड़ा है।

वहीं राजस्थान रॉयल्स के तीन मैच बाकी है और उनके पास इन तीनों मैचों को जीतकर अधिकतम 18 पॉइंट्स तक पहुंचने का मौका है। वहीं चेन्नई की गाड़ी अब 16 अंकों से आगे नहीं बढ़ पाएगी। अगर सीएसके को प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करना है तो बचे दो मैच जीतकर सबसे पहले 16 अंकों तक पहुंचना होगा। इसके बाद दूसरी टीमों की हार की दुआ करनी होगी।



## अंशुल कंबोज ने 2.4 ओवर में लुटाए इतने ज्यादा रन

**चेन्नई।** आईपीएल में कब किस खिलाड़ी को आसमान से जमीन तक का सफर तय करना पड़ सकता है, इसकी भविष्यवाणी कोई नहीं कर सकता। आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज के लिए शुक्रवार की रात सबसे भयानक रातों में से एक रही होगी। लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ हुए मुकाबले में उन्होंने मात्र 2.4 ओवर में 63 रन लुटाए। इस दौरान उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला। कंबोज का इकॉनमी इस पारी में 23.60 का रहा। जी हां, ऐसे में उनके नाम कई शर्मनाक रिकॉर्ड जुड़े हैं। इस कुटाई के दौरान उनके साथ कुछ ऐसा भी हुआ जो आईपीएल इतिहास में किसी गेंदबाज के साथ नहीं हुआ। लखनऊ के खिलाफ मिली 7 विकेट से हार में कंबोज ने मात्र 16 गेंदों में 63 रन दिए। यह अब आईपीएल में सीएसके के किसी बॉलर का दूसरा सबसे महंगा स्पेल है। खलील अहमद लिस्ट में पहले पायदान पर है। उन्होंने आरसीबी के खिलाफ 2025 में 3 ओवर में 65 रन लुटाए।

# प्लास्टिक फैक्ट्री में भीषण आग आसमान में उठा काले धुएं का गुब्बार

## दमकल की 6 गाड़ियां पहुंची, एहतियात के तौर पर आसपास का इलाका कराया गया खाली





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**धार रोड स्थित नावदापंथ क्षेत्र में आज सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक प्लास्टिक दाना बनाने वाली फैक्ट्री से अचानक आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। फैक्ट्री में प्लास्टिक का भारी जखीरा होने के कारण आग इतनी तेजी से फैली कि उसने पूरी बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद आसमान में कई किलोमीटर दूर से ही काले धुएं का गुब्बारा साफ देखा जा सकता था।**

बताते हैं कि आज सुबह फैक्ट्री से अचानक धुआं निकलता दिखाई दिया, और जब तक लोग कुछ समझ पाते, आग की भयावह लपटों ने पूरी फैक्ट्री को घेर लिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए तुरंत फायर ब्रिगेड और स्थानीय पुलिस को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 6 दमकलें एक के बाद एक मौके पर पहुँचीं और पानी की बौछारें डालना शुरू किया।प्लास्टिक दाना पिघलने और केमिकल के कारण आग बुझाने में फायर कर्मियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खबर लिखे जाने तक दमकल कर्मी लगातार मुस्तैदी से आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाने का प्रयास कर रहे हैं। घटना के तुरंत बाद एहतियात बरतते हुए आसपास के कारखानों और रिहायशी हिस्से को खाली करा लिया गया है, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया और किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है।आग लगने के वास्तविक कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है, प्राथमिक रूप से शार्ट सर्किट को वजह माना जा रहा है। हादसे की खबर मिलते ही स्थानीय पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुँच गए हैं। अधिकारियों द्वारा स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और नुकसान के आकलन की कार्रवाई आग पूरी तरह बुझने के बाद शुरू की जाएगी।

# जादूगर के शो में पशुओं का उपयोग... शिकायत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर में जादूगर प्रिंस का मैजिक शो चल रहा है। इस शो में पशुओं का उपयोग भी किया जा रहा है। इसको लेकर पशु प्रेमी द्वारा पुलिस आयुक्त को शिकायत की गई है। पीपल फॉर एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल इंडिया ने पुलिस को शिकायत की कि पशुओं का इस प्रकार उपयोग पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के अंतर्गत आता है। इन पर कार्रवाई होना चाहिए। जादूगर द्वारा अपने शो में खरगोश और कबूतरों का उपयोग किया जा रहा है। रविंद्र नाट्यगृह में चल रहे इस शो में जादूगर प्रिंस खरगोश और कबूतरों को जबरदस्ती पकड़ रहा है और डिब्बे में बंद करता है जिससे पशुओं को पीड़ा हो रही है। पीपल फॉर एनिमल की जिला प्रमुख प्रियांशु जैन और कार्तिक तंवर ने बताया कि जल्द ही इस पर पुलिस द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

# एसपी ने किया शिप्रा थाना और मांगलिया चौकी का किया औचक निरीक्षण

*अभिलेखों और रिकॉर्ड्स को खंगाला,सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण करने के दिए सख्त निर्देश*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**ग्रामीण एसपी राजेंद्र कुमार वर्मा ने पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने तथा थाना स्तर पर पेंडेंसी कम करने के उद्देश्य से थाना क्षिप्रा और मांगलिया चौकी का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ डीएसपी उमाकांत चौधरी भी मौजूद रहे।**

एसपी के आगमन के दौरान क्षिप्रा थाना प्रभारी निरीक्षक कैलाश सोलंकी, मांगलिया चौकी प्रभारी विश्वजीत तोमर, एसआई सुमन तिवारी सहित थाने का समस्त स्टाफ मुस्तैद मिला। एसपी राजेंद्र कुमार वर्मा ने सबसे पहले थाना भवन का जायजा लिया और साफ-सफाई की व्यवस्था देखी। इसके बाद उन्होंने थाने के मालखाने, हवालात और सबसे महत्वपूर्ण थाने के केस डायरियों व रिकॉर्ड्स का बारीकी से परीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान एसपी ने क्षिप्रा और मांगलिया क्षेत्र में होने वाले अपराधों की प्रकृति को समझा। उन्होंने क्षेत्र में लॉ एंड ऑर्डर , वीआईपी ड्यूटी और वरिष्ठ कार्यालयों द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियानों जैसे नशा मुक्ति, गुंडा विरोधी अभियान के तहत अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने पेंडिंग मामलों को जल्द से जल्द निपटाने और



अपराधियों पर नकेल कसने के लिए कड़े निर्देश दिए।पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी कैलाश सोलंकी को निर्देशित किया कि वे अपने अधीनस्थ समस्त स्टाफ के साथ सकारात्मक और अनुशासित व्यवहार रखें, ताकि फील्ड में पुलिस बेहतर परिणाम दे सके। इसके साथ ही उन्होंने आम जनता से जुड़े मामलों के प्रति संवेदनशीलता दिखाने को कहा। एसपी ने दो टूक निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन से संबंधित जितनी भी शिकायतें लंबित हैं, उनका निर्धारित समय-सीमा के भीतर और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# महिला डॉक्टर के दो बैंक खातों से 3.59 लाख रुपये उड़ाए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सांवेर थाना क्षेत्र में एक महिला डॉक्टर के बैंक खातों से लाखों रुपये ट्रांसफर होने की वारदात हुई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**इंटरनेट बैंकिंग के जरिए लगाई सेंध**

पुलिस के अनुसार, फरियादी डॉ. प्रीति जैन निवासी किशनबाग परिसर, सांवेर की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। डॉ. प्रीति जैन ने पुलिस को बताया कि यह पूरी वारदात 22 अप्रैल से 29 अप्रैल के बीच की है। इस दौरान वे अपने दैनिक कार्यों में व्यस्त थीं और उन्हें भनक भी नहीं लगी कि उनके खातों से रकम निकाली जा रही है।अज्ञात सायबर ठग ने फरियादी डॉक्टर के इंटरनेट बैंकिंग क्रेडेंशियल्स का अवैध रूप से उपयोग किया। आरोपी ने उनके स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के खाते से 2 लाख 25 हजार रुपये और आईसीआईसीआई बैंक के खाते से 1 लाख 34 हजार रुपये अन्य खातों में ट्रांसफर कर लिए। जब डॉक्टर को खातों से पैसे कटने का मैसेज मिला, तब उन्हें इस बड़ी धोखाधड़ी का अहसास हुआ।

# ससुर ने बहू को पकड़कर कहा 'आई लाइक यू',विरोध करने पर पति सास और ननंद ने मिलकर पीटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**किशनगंज थाना क्षेत्र में एक 26 वर्षीय विवाहिता ने अपने ससुर पर बुरी नीयत से हाथ लगाने और छेड़छाड़ करने का गंभीर आरोप लगाया है। वहीं, इस घिनौनी करतूत का विरोध करने पर ससुराल के अन्य सदस्यों ने भी पीड़िता का साथ देने के बजाय उसी की पिटाई कर दी।**

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि घटना 14 मई की रात करीब 8 बजे की है। वह घर में मौजूद थी, तभी उसके ससुर ने बुरी नीयत से उसे दबोच लिया और अश्लील बात कहते हुए बोला कि 'आई लाइक यू'। ससुर की इस हरकत से सहमी पीड़िता ने तुरंत खुद को छुड़ाया और इस बात का कड़ा विरोध किया। पीड़िता जब अपनी आपबीती लेकर अपने पति, सास और ननंद के पास पहुँची और ससुर की शिकायत की, तो उन्होंने बहू को न्याय दिलाने के बजाय उल्टा उसी प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। तीनों ने मिलकर पीड़िता के साथ गालियां दीं, जमकर मारपीट की और किसी से भी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। किशनगंज पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी ससुर, पति, सास और ननंद के खिलाफ छेड़छाड़, मारपीट, गाली-गलौज और धमकी की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया है।

# घर में अकेली पाकर विवाहिता से दुष्कर्म का प्रयास

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में एक महिला से दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। पड़ोस में ही रहने वाले एक सिरफिरे ने घर में घुसकर महिला के साथ अश्लील हरकतें कीं और बलात्कार का प्रयास किया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

**शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देकर भागा आरोपी**

पुलिस के अनुसार, घटना बीती 1 अप्रैल की दोपहर करीब 2 बजे की है। 30 वर्षीय पीड़िता ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि वह अपने बेटे के साथ कॉलोनी में रहने आई थी। घटना वाले दिन वह घर में बिलकुल अकेली थी। इसी का फायदा उठाकर मोहल्ले में ही रहने वाला आरोपी रितेश शर्मा जबरन उसके घर में घुस आया।घर में घुसते ही आरोपी ने पीड़िता को दबोच लिया और अश्लील हरकतें करने लगा। आरोपी ने पीड़िता से कहा कि मेरे साथ रहो, अपने बेटे के साथ क्यों रहती हो?इसके बाद आरोपी ने महिला के साथ बलात्कार करने का प्रयास भी किया। जब पीड़िता ने हिम्मत दिखाकर शोर मचाना शुरू किया, तो पकड़े जाने के डर से आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से भाग निकला। जूनी इंदौर पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी रितेश की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।